website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 13 | अंक : 309 | पेज: 8 | जयपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा का निधन, पीएम मोदी ने जताया शोक

नई दिल्ली (एजेंसी)। केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा का बुधवार सुबह केरल के कूथट्कुलम में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से आयुर्वेदिक उपचार के लिए भारत आए हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें "भारत के प्रिय मित्र और एक महान नेता" बताया।

ओडिंगा सुबह अपनी नियमित सैर पर निकले थे, जब लगभग 6:30 बजे उन्हें दिल का दौरा पड़ा। उन्हें तुरंत श्रीधरीयम आयुर्वेदिक आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। उनका पार्थिव शरीर वर्तमान में कूथट्कुलम के देवा माता अस्पताल में रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री और मेरे प्रिय मित्र रैला ओडिंगा के निधन से गहरा दुख हुआ। वे एक ऊंचे दर्जे के राजनेता और भारत के सच्चे मित्र थे। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मुझे उनसे मिलने और करीब से जानने का सौभाग्य मिला था। हमारी मित्रता वर्षों तक बनी रही।" पीएम मोदी ने कहा कि ओडिंगा को भारत की संस्कृति, मूल्यों और प्राचीन ज्ञान से विशेष लगाव था। उन्होंने भारत-केन्या संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे आयुर्वेद और भारतीय पारंपरिक चिकित्सा



प्रणालियों के बड़े प्रशंसक थे और अपनी बेटी के स्वास्थ्य सुधार के बाद से इन पद्धतियों में गहरी आस्था रखते थे। रैला ओडिंगा छह दिन पहले अपनी बेटी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ केरल पहुंचे थे। वे आयुर्वेदिक इलाज ले रहे थे और हर दिन सुबह टहलने की आदत का पालन कर रहे थे।

स्थानीय प्रशासन ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। फिलहाल केन्या दूतावास के अधिकारी केरल सरकार और अस्पताल प्रशासन के साथ मिलकर उनके पार्थिव शरीर को स्वदेश भेजने की प्रक्रिया का समन्वय कर रहे हैं। रैला ओडिंगा केन्या की राजनीति में चार दशकों से अधिक समय तक एक प्रभावशाली चेहरा रहे। उन्होंने 2008 से 2013 तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और उस दौरान देश में सुलह और संवैधानिक सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे 2007-08 के चुनावों के बाद हुए हिंसक संघर्ष को समाप्त करने वाले सत्ता-साझेदारी समझौते के मुख्य सूत्रधार थे। ओडिंगा 'ऑरेंज डेमोक्रेटिक मूवमेंट' के प्रमुख और लंबे समय तक विपक्ष के नेता रहे। उन्होंने कई बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ा और अपने जोशीले भाषणों तथा जनता से गहरे जुड़ाव के लिए जाने जाते थे। उनकी राजनीतिक यात्रा संघर्ष और सुधार, दोनों का प्रतीक रही। केन्या के लोगों और प्रवासी समुदाय के सदस्यों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। केन्या सरकार की ओर से औपचारिक बयान जल्द जारी होने की संभावना है।

## जैव कीटनाशक और सूक्ष्म पोषक तत्वों पर GST कटौती से किसानों को सीधे लाभ: वित्त मंत्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि जैव कीटनाशकों (bio-pesticides) और सूक्ष्म पोषक तत्वों (micronutrients) पर वस्तु एवं सेवा कर (GST) में की गई कटौती से किसानों को सीधे लाभ मिलेगा और उन्हें सशक्त बनाया जाएगा। कोप्पल ज़िले के मेघवाल गांव में किसानों के प्रशिक्षण एवं एग्रो-प्रोसेसिंग के लिए साझा सुविधा केंद्र के उद्घाटन के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने GST को "लोगों के लिए और सरल तथा लाभकारी" बनाने का मार्गदर्शन दिया।

सीतारमण ने कहा, "हमने नवरात्रि के पहले दिन से ही नया GST ढांचा लागू किया है। कई वस्तुओं पर कर दरें घटाई गई हैं — जिनमें कृषि उपकरण जैसे ट्रैक्टर, सोलर चालित मशीनें और अन्य कृषि यंत्र शामिल हैं, जिनसे हमारे 'अन्नदाता' को सीधा फायदा होगा।" वित्त मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना के तहत किसानों को हर साल ₹6,000 की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। "कर्नाटक में 43 लाख से अधिक किसान इस योजना का लाभ ले रहे हैं," उन्होंने कहा।

सीतारमण ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना (PM Dhan Dhaanya Krishi Yojana) के तहत



देश के 100 जिलों को शामिल किया गया है, जिनमें कोप्पल जिला भी है। "यह योजना ₹24,000 करोड़ के बजट के साथ 2025-26 के बजट में घोषित की गई थी। इसके तहत किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, प्राकृतिक खेती और जल संरक्षण का प्रशिक्षण, बेहतर सिंचाई सुविधाएं और बाज़ार तक आसान पहुँच उपलब्ध कराई जाएगी," उन्होंने बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर कर्नाटक का कोप्पल जिला कृषि विविधता से भरपूर है और राज्य के धान उत्पादन में लगभग 10 प्रतिशत योगदान देता है। "यहाँ की उपजाऊ भूमि आम, अमरूद, अंगूर, अनार, पपीता और अंजीर जैसे कई फलों के लिए प्रसिद्ध है। इन खेतों की समृद्ध परंपरा को पीढ़ियों से यहाँ के किसानों ने संभाला है। सरकार का कर्तव्य है कि उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिले," सीतारमण ने कहा।

उन्होंने बताया कि 'प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग औपचारिकरण योजना (PM-FME)', जो 2020 में शुरू की गई थी, स्थानीय उद्यमियों को वित्तीय, तकनीकी और व्यवसायिक सहायता प्रदान करती है ताकि वे अपने सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना या उन्नयन कर सकें। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण उद्यमियों को स्थानीय फसलों (जैसे बाजरा, फल या मूंगफली) को बाज़ार योग्य खाद्य उत्पादों, स्नैक्स या सामग्री में बदलने में सक्षम बनाना है।

2020-21 से 2025-26 तक केंद्र सरकार ने इस योजना के तहत विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ₹3,700 करोड़ से अधिक राशि जारी की है। देशभर में ₹11,000 करोड़ से अधिक के ऋण सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को स्वीकृत किए गए हैं और एक लाख से अधिक उद्यमियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। सीतारमण ने कहा, "यह पहल न सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रही है, बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम है।"

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सीएम रेखा गुप्ता ने किया स्वागत

### -त्योहारों की रौनक और पर्यावरण की सुरक्षा साथ-साथ

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति दिए जाने के बाद, इस फैसले का स्वागत किया जा रहा है। दिल्ली सरकार की ओर से इस निर्णय को जनता की भावनाओं के अनुरूप बताया गया है।

दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, "दिल्ली सरकार के विशेष आग्रह पर राजधानी में ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति प्रदान करने हेतु सर्वोच्च न्यायालय का आभार।" उन्होंने कहा कि यह निर्णय दीपावली जैसे पवित्र पर्व पर जनभावनाओं और उत्साह का सम्मान करता है, साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति संतुलित दृष्टिकोण को भी दर्शाता है। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए स्वच्छ और हरित दिल्ली के संकल्प के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य है



कि त्योहारों की रौनक बरकरार रहे और पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। इस दीपावली, हम सब मिलकर ग्रीन पटाखों के साथ उत्सव और पर्यावरण संरक्षण का सामंजस्य स्थापित करें और 'हरित एवं खुशहाल दिल्ली' का संकल्प साकार करें।" वहीं, दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने भी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया। उन्होंने आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "जय श्री राम! सरकार बदली, हिंदुओं के त्योहारों पर बैन लगना बंद हो गया। बरसों बाद दिल्ली वाले परंपरागत तरीके से दीपावली मनाएंगे।" उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में आगे लिखा, "दीपावली पर ग्रीन पटाखों की अनुमति देने का उच्चतम न्यायालय का निर्णय स्वागत योग्य है। दिल्ली सरकार ने जनता की आवाज न्यायालय के सामने रखी, उसके लिए सीएम रेखा गुप्ता का आभार।" सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि दिल्ली-एनसीआर में केवल क्यूआर कोड वाले ग्रीन पटाखे ही बेचे जा सकते हैं, वह भी 18 से 21 अक्टूबर तक। साथ ही, पटाखे फोड़ने का समय शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक तय किया गया है।

## बिहार चुनाव: जदयू ने 57 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

बिहार (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए में शामिल जदयू ने बुधवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। इस सूची में कुल 57 उम्मीदवारों के नाम हैं। सूची के मुताबिक, आलमनगर से नरेंद्र नारायण यादव को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि बिहारीगंज से निरंजन कुमार मेहता, मधेपुरा से कविता साहा, सिंघेश्वर से रमेश ऋषिदेव, और सोनबरसा से रत्नेश सदा को टिकट दिया गया है। इसके अलावा, मंत्री श्रवण कुमार को एक बार फिर नालंदा से टिकट थमाया गया है, तो अनंत सिंह मोकामा से चुनावी मैदान में होंगे।

बहादुरपुर से मदन सहनी, बरौली से मनजीत सिंह, कल्याणपुर से महेश्वर हजारी, वारिसनगर से मांजरिक मृणाल, सरायरंजन से विजय चौधरी और फुलवारी से श्याम रजक को प्रत्याशी बनाया गया है

इसके अलावा, बहादुरपुर से मदन सहनी को प्रत्याशी बनाया गया है, जबकि बरौली से मनजीत सिंह, कल्याणपुर से महेश्वर हजारी, वारिसनगर से मांजरिक मृणाल और मंत्री विजय चौधरी को सरायरंजन से फिर से चुनावी समर में उतारा गया है। पूर्व मंत्री श्याम रजक को फुलवारी से प्रत्याशी बनाया गया है।

हरि नारायण सिंह को हरनौत, अरुण मांझी को मसौढ़ी से तथा राधाचरण साह को संदेश से प्रत्याशी बनाया गया है

वहीं, हरि नारायण सिंह को



हरनौत, अरुण मांझी को मसौढ़ी से तथा राधाचरण साह को संदेश से प्रत्याशी बनाया गया है। इससे पहले, एनडीए में शामिल भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है, जबकि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने अपने हिस्से की सभी छह सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं।

नीतीश कुमार की पार्टी जदयू (JDU) और भाजपा (BJP) 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, जबकि चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को 29 सीटें मिली हैं

उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए ने रविवार को सीटों के बंटवारे की घोषणा कर दी। इस बंटवारे के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड और भारतीय जनता पार्टी 101-101 सीट पर चुनाव लड़ेगी, जबकि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को 29 सीट मिली हैं।

पूर्व सीएम जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छह-छह सीटें मिली हैं

पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छह-छह सीटें मिली हैं। बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी की पहली भारत यात्रा

### -आईआईटी दिल्ली और नीति आयोग का करेंगी दौरा

श्रीलंका (एजेंसी)। श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर गुरुवार को भारत आएंगी। हरिनी अमरसूर्या का यह पहला आधिकारिक दौरा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बुधवार को इसकी जानकारी दी है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। अमरसूर्या 16 से 18 अक्टूबर तक भारत में रहेंगी। इस दौरान वह वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं से मिलकर प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा करेंगी। अपनी यात्रा के दौरान, श्रीलंकाई प्रधानमंत्री नई दिल्ली में एनडीटीवी और चिंतन रिसर्च फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'एनडीटीवी वर्ल्ड समिट' में मुख्य भाषण देंगी। बता दें कि प्रधानमंत्री अमरसूर्या श्रीलंका में शिक्षा विभाग की भी जिम्मेदारी संभाल रही हैं। वह शिक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली और नीति आयोग का दौरा करेंगी। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की प्रतिष्ठित पूर्व छात्रा होने के नाते, वह अपने संस्थान का भी दौरा करेंगी। कॉलेज के कार्यक्रम के अनुसार, दिन के कार्यक्रम दोपहर 12 बजे 16 एनसीसी कैडेटों द्वारा औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ शुरू होंगे। कॉलेज के लॉन



में वह प्रतीकात्मक वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगी। फिर ऑडिटोरियम में स्टूडेंट्स उनके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा, श्रीलंकाई नेता दोनों देशों के बीच व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक व्यापारिक कार्यक्रम में भाग लेंगी। विदेश मंत्रालय ने कहा, "यह यात्रा भारत और श्रीलंका के बीच नियमित उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को आगे बढ़ाती है और गहरी एवं बहुआयामी द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाती है। यह भारत के 'महासागर विजन' और 'पड़ोसी पहले' नीति से प्रेरित होकर मित्रता के बंधन को और मजबूत करेगी।"

## दीपावली से पहले उत्तराखंड कर्मचारियों के लिए बड़ा तोहफा, डीए 3 प्रतिशत बढ़ा

उत्तराखंड (एजेंसी)। दीपावली से पहले उत्तराखंड सरकार ने राज्य कर्मचारियों और शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। इसके साथ ही कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए बोनस देने का भी फैसला लिया गया है। इस निर्णय से राज्य के



लगभग ढाई लाख कर्मचारी और शिक्षक लाभान्वित होंगे। अब राज्य कर्मचारियों का डीए 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत कर दिया गया है। बढ़े हुए भत्ते का भुगतान जुलाई से अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। सरकार ने घोषणा की है कि 4,800 ग्रेड पे तक के कर्मचारियों को दीपावली बोनस मिलेगा, जिसकी अधिकतम राशि 7,000 रुपए तय की गई है। वहीं, दैनिक वेतनभोगी और कैजुअल श्रेणी के कर्मचारियों को शर्तों के साथ 1,200 रुपए तक का बोनस दिया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाना और त्योहारी सीजन में आर्थिक राहत देना है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार अपने कर्मचारियों की भलाई के लिए लगातार काम कर रही है। इसके अलावा, सरकार ने पदोन्नति के मानकों में नरमी लाने का निर्णय लिया है ताकि अधिक से अधिक कर्मचारियों को प्रमोशन का अवसर मिल सके। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रमोशन कोटा में भी वृद्धि की गई है। इस फैसले से राज्यभर में कर्मचारियों में खुशी की लहर है और इसे दीपावली से पहले 'त्योहार का तोहफा' बताया जा रहा है।

## नहीं रहे 'महाभारत' टीवी सीरियल के 'कर्ण'

### - दुनियाभर में कर्ण के किरदार से पहचान बनाने वाले पंकज धीर का निधन

नई दिल्ली (एजेंसी)। मशहूर अभिनेता पंकज धीर का बुधवार सुबह निधन हो गया। उन्हें बीआर चोपड़ा के आइकॉनिक टीवी सीरियल 'महाभारत' में कर्ण का किरदार निभाने के लिए दुनियाभर में पहचान मिली। उनकी मौत की खबर की पुष्टि उनके सह-कलाकार और 'महाभारत' में अर्जुन बने फिरोज खान ने अपने सोशल मीडिया पर की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, "एक सज्जन व्यक्ति ने दुनिया को अलविदा कह दिया। आपकी बहुत याद आएगी दोस्त पंकज धीर।"

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पंकज धीर का देहांत 15 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि वह लंबे अरसे से कैंसर का इलाज करा रहे थे, जिसके चलते उनका देहांत हुआ है। वह इससे जंग जीत चुके थे, लेकिन कुछ महीने पहले यह फिर से फैल गया। इस दौरान उनकी एक बड़ी सर्जरी भी हुई थी। पंकज धीर के निधन से इंडस्ट्री और फैंस गहरे शोक में डूबे हैं। बताया जा



रहा है कि उनका अंतिम संस्कार शाम 4:30 बजे मुंबई के विले पार्ले शमशान घाट में किया जाएगा।

पंकज धीर को टीवी धारावाहिक 'महाभारत' में कर्ण की भूमिका और 'चंद्रकांता', 'द ग्रेट मराठा', 'युग' तथा 'बढ़ो बहू' में उनकी अन्य भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में छोटी भूमिकाओं में अभिनय किया, जिनमें 'सड़क', 'सोल्जर' और 'बादशाह' शामिल हैं। जहां 'महाभारत' ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई, वहीं फिल्मों में सपोर्टिंग रोल्स ने बॉलीवुड में उनकी मौजूदगी दर्ज कराई। उनके जाने से फिल्म जगत को बहुत बड़ी क्षति पहुंची है।

## दीपावली से पहले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दिया बोनस का तोहफा

यूपी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के मौके पर बड़ा उपहार दिया है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है। प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908



रुपए का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन-प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर कुल व्ययभार लगभग 1,022 करोड़ रुपए आएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें। राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य बोनस के दायरे में वे पूर्णकालिक अराजपत्रित कार्मिक शामिल हैं, जिनके पद का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (47,600- 1,51,100 रुपए) तक है (साद्दश्य ग्रेड वेतन ₹4,800 तक)। इसमें राज्य कर्मचारी, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारी, स्थानीय निकायों और जिला पंचायतों के कर्मचारी, राजकीय विभागों के कार्यप्रभारित एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सम्मिलित हैं। बता दें कि भारत सरकार द्वारा भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बीते 29 सितम्बर को बोनस प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### राजनीतिक दल भी चुनाव आयोग की तरह करें पारदर्शिता की पहल

चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ जो नई पहलें की हैं, वे भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। यह केवल चुनाव कराने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि उसे पारदर्शी, विश्वसनीय और मतदाता के लिए सहज बनाने की कोशिश भी है। आयोग का यह दृष्टिकोण इस बात का प्रमाण है कि लोकतंत्र केवल मतदान की एक औपचारिकता नहीं, बल्कि लोगों की भागीदारी से जीवंत रहने वाला तंत्र है। इस बार आयोग ने जिन सत्रह सुधार उपायों की घोषणा की है, वे आने वाले समय में पूरे देश की चुनावी प्रणाली के लिए दिशा तय कर सकते हैं। सबसे अहम बात यह है कि आयोग का ध्यान मतदाता की सुविधा पर केंद्रित रहा है। बहुमंजिला इमारतों में अलग से मतदान केंद्र बनाना और एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा तय करना इस सोच का हिस्सा है। इससे मतदाताओं को लंबी कतारों से राहत मिलेगी और सामाजिक दूरी जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं भी बेहतर ढंग से लागू की जा सकेंगी। यह पहल खास तौर पर शहरी इलाकों के लिए उपयोगी साबित हो सकती है, जहां जनसंख्या घनत्व अधिक होने के कारण मतदान केंद्रों पर भीड़ एक आम समस्या रही है। चुनाव आयोग ने पिछले कुछ वर्षों में जो सुधारात्मक कदम उठाए हैं, उनमें घर-घर जाकर अशक्त और बुजुर्ग मतदाताओं से मतदान करवाने की व्यवस्था विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है। इस कदम से उन लोगों को लोकतंत्र में भागीदारी का अवसर मिला जो शारीरिक रूप से मतदान केंद्र तक नहीं जा सकते थे। इससे मतदान प्रतिशत में सुधार देखा गया और यह साबित हुआ कि जब सुविधा बढ़ती है, तो भागीदारी भी बढ़ती है। पारदर्शिता की दिशा में भी आयोग लगातार सक्रिय है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) और वीवीपैट जैसी तकनीकों के प्रयोग ने चुनावों पर उठने वाले संदेहों को काफी हद तक कम किया है। अब नई व्यवस्थाओं से मतगणना और रिपोर्टिंग प्रक्रियाएं और भी बेहतर होंगी। इन सबके साथ आयोग ने जिस तरह से जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया है, वह लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करेगा। मतदाता तभी मतदान के प्रति गंभीर होते हैं जब उन्हें अपनी भूमिका का महत्व समझाया जाए। हालांकि इन सुधारों की सफलता तभी सुनिश्चित हो सकती है जब राजनीतिक दल भी उसी स्तर की ईमानदारी और जवाबदेही दिखाएं, जैसी अपेक्षा आयोग से की जाती है। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे भी चुनाव आयोग की तरह पारदर्शिता और मतदाता हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। अक्सर देखा जाता है कि चुनाव प्रक्रिया में सुधार के बजाय राजनीतिक दल लाभ-हानि के समीकरण में उलझ जाते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि स्वच्छ और पारदर्शी चुनाव ही लोकतंत्र की बुनियाद को मज़बूती दे सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि राजनीतिक दल भी पहल करें—उम्मीदवार चयन से लेकर चुनावी खर्च तक सबकुछ जनता के सामने स्पष्ट रूप से रखें।

# रियल मनी गेमिंग: एक लत पर सही समय पर प्रहार

ऑनलाइन दुनिया के फैलते प्रभाव ने जहां लोगों को अनेक अवसर दिए हैं, वहीं इसने कई खतरनाक आदतों और प्रवृत्तियों को भी जन्म दिया है। इनमें सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली एक लत है — 'रियल मनी गेमिंग' यानी ऑनलाइन पैसे से खेलना। मोबाइल एप्लिकेशनों और वेबसाइटों के ज़रिए सट्टे जैसी प्रवृत्तियों ने अब आम घरों तक अपनी पकड़ बना ली थी। सरकार द्वारा 'ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन एवं विनियमन अधिनियम, 2025' के ज़रिए इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है, जो न सिर्फ़ दूरदर्शी कदम है बल्कि एक सामाजिक ज़रूरत भी था।

**चमक-दमक का धोखा**

रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म्स ने भारतीय युवाओं को अपने जाल में फँसाने के लिए विज्ञापनों का भरपूर इस्तेमाल किया। टीवी, सोशल मीडिया, यूट्यूब, क्रिकेट मैचों और वेब सीरीज़ — हर जगह इन खेलों का प्रचार किया गया। "घर बैठे कमाओ", "एक गेम में जीतों लाखों", "रम्मी खेलो और पाओ इनाम" जैसे वाक्य सुनते ही आम इंसान को यह एक वैध और आसान कमाई का जरिया लगने लगा। इन विज्ञापनों में आकर्षक ग्राफिक्स, खुशहाल चेहरों और नकद इनामों की बारिश दिखाई जाती थी। धीरे-धीरे यह प्रचार गांवों और कस्बों तक पहुँच गया। हिंदी, तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली जैसी स्थानीय भाषाओं में विज्ञापन आने लगे ताकि ग्रामीण जनता भी इससे प्रभावित हो। लेकिन सच्चाई इसके बिल्कुल उलट थी — ये खेल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक डिजिटल जुए का ही नया रूप थे। जहां कुछ लोग शुरुआती दौर में मामूली जीत हासिल कर लेते थे, वहीं अधिकांश खिलाड़ी हारते-हारते कर्ज़ में डूब जाते थे।

**लाखों लोग फंसे जाल में**

एक अनुमान के मुताबिक, भारत में 6 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी रूप में ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग ऐप्स का इस्तेमाल कर रहे थे। इनमें बड़ी संख्या में युवा, छात्र और गृहिणियां शामिल थीं। कई मामलों में लोगों ने अपने मोबाइल ऐप्स के ज़रिए हज़ारों-लाखों रुपये गंवा दिए। यह सिर्फ पैसे की हानि नहीं थी, बल्कि मानसिक तनाव, अवसाद, पारिवारिक कलह और आत्महत्या जैसी घटनाओं का कारण भी बन रही थी। कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु और राजस्थान जैसे राज्यों से ऐसी खबरें सामने आईं कि युवक-युवतियां ऑनलाइन गेम में हारकर खुदकुशी तक कर बैठे। कुछ ने घर की बचत गंवाई, कुछ ने कर्ज़ लिया, तो कुछ ने चोरी तक का रास्ता अपनाया। ये सिर्फ व्यक्तिगत त्रासदियां नहीं थीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी थीं कि यह 'डिजिटल जुआ' अब पूरे समाज को निगलने लगा है।

**सेलिब्रिटियों की जिम्मेदारी पर सवाल**

इस पूरे खेल में सेलिब्रिटीज़ और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका बेहद चिंताजनक रही। क्रिकेटर, अभिनेता, यूट्यूबर और रियलिटी शो स्टार्स ने इन कंपनियों के लिए विज्ञापन किए। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि ये 'कौशल आधारित खेल' हैं, इनमें भाग्य का नहीं बल्कि बुद्धि का योगदान है। लेकिन यह दावा आधा सच था। 'कौशल' का तर्क देकर कंपनियां जुए और सट्टे जैसे खेलों को वैध दिखाने की कोशिश कर रही थीं। सेलिब्रिटी प्रचार से इन खेलों को वैधता और सामाजिक स्वीकृति मिल गई। आम लोगों ने सोचा — "जब अमुक खिलाड़ी या अभिनेता इसे खेल रहा है, तो इसमें गलत क्या होगा?" पर वास्तव में इन विज्ञापनों के पीछे भारी कमीशन और कॉर्पोरेट हित छिपे थे। कई कंपनियां अरबों का मुनाफा कमा रही थीं, जबकि खिलाड़ी दिवालिया हो रहे थे।

**नए कानून की आवश्यकता क्यों पड़ी**




सरकार ने जब देखा कि रियल मनी गेमिंग से सामाजिक और आर्थिक नुकसान लगातार बढ़ रहा है, तो ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 लाया गया।

**इस कानून का मकसद था —** ऐसे सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना, जहां वास्तविक पैसे से खेल खेला जाता है। विज्ञापन और प्रचार पर रोक लगाना ताकि किसी को भ्रमित न किया जा सके। सेलिब्रिटीज़ और इन्फ्लुएंसर्स के प्रचार पर कानूनी जिम्मेदारी तय करना। इस तरह के ऐप्स को प्ले स्टोर और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाना। जो कंपनियां भारत में पंजीकृत हैं, उनके लिए लाइसेंस और पारदर्शिता मानक तय करना। यह कदम देर से जरूर आया, लेकिन बेहद ज़रूरी था।

**कानून के समर्थन में तर्क**

रियल मनी गेमिंग पर प्रतिबंध के कई समर्थक हैं, जिनका मानना है कि यह कानून समाज की भलाई के लिए आवश्यक था।

जनसुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य: ऑनलाइन जुए जैसी यह प्रवृत्ति नशे की तरह काम करती है। एक बार शुरू करने पर खिलाड़ी बार-बार कोशिश करता है कि पिछली हानि को जीत से पूरा कर ले। यही उसे लगातार और गहरे जाल में धकेल देता है।

आर्थिक सुरक्षा: गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के सदस्य इन खेलों में अपनी बचत तक गंवा बैठते हैं। इससे परिवार की आर्थिक स्थिरता टूट जाती है।

युवा पीढ़ी की रक्षा: युवा वर्ग, खासकर कॉलेज विद्यार्थी, इन गेम्स में अपना कीमती समय और ध्यान खो रहे थे। यह शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन पर विपरीत असर डाल रहा था।

कानूनी स्पष्टता: लंबे समय से यह बहस चल रही थी कि कौन सा खेल 'कौशल आधारित' है और कौन सा 'भाग्य आधारित'। अब कानून ने साफ़ संदेश दे दिया कि जहां वास्तविक धन का लेन-देन है, वह किसी भी रूप में वैध नहीं।

विरोध करने वालों के तर्क

स्वाभाविक रूप से, इस प्रतिबंध के बाद कई उद्योग संगठनों और निवेशकों ने विरोध जताया।

उनका कहना था — भारत में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग तेजी से बढ़ रहा था और इससे रोज़गार के अवसर पैदा हो रहे थे। कई स्टार्टअप्स विदेशी निवेश प्राप्त कर रहे थे, जिससे डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति मिल रही थी। सरकार को इसे पूरी तरह प्रतिबंधित करने के बजाय नियंत्रित और टैक्स के दायरे में लाना चाहिए था। कौशल-आधारित खेल जैसे शतरंज, फैंटेसी लीग या रम्मी को जुए की श्रेणी में रखना अनुचित है। हालांकि, ये तर्क अपनी जगह हो सकते हैं, पर जब किसी उद्योग का सामाजिक नुकसान उसकी आर्थिक उपलब्धियों से कहीं अधिक हो जाए, तब सरकार का कर्तव्य है कि वह हस्तक्षेप करे।

**डिजिटल जुए का मनोविज्ञान**

रियल मनी गेमिंग को समझने के लिए इसके मनोवैज्ञानिक पहलू पर नज़र डालना ज़रूरी है। ये ऐप्स इस तरह डिज़ाइन किए गए होते हैं कि उपयोगकर्ता बार-बार लौटकर आए। हर जीत पर दिमाग में 'डोपामिन' हार्मोन रिलीज़ होता है, जो खुशी और रोमांच का अहसास देता है। हारने पर भी उम्मीद रहती है कि "अगली बार जीतूंगा"। इनाम पाने की 'संभावना' दिमाग को बार-बार आकर्षित करती है, चाहे वास्तविक संभावना बहुत कम क्यों न हो। यह वही मनोविज्ञान है जो जुए, सट्टे और नशे में देखने को मिलता है। इसीलिए इसे सिर्फ एक "मनोरंजन" नहीं, बल्कि एक लत (Addiction) माना गया है।

**परिवारों पर असर**

रियल मनी गेमिंग का असर सिर्फ खिलाड़ियों तक सीमित नहीं रहा। पारिवारिक तनाव बढ़े। विवाह टूटने, घरेलू हिंसा, और मानसिक अवसाद के केस बढ़े। माता-पिता के मोबाइल का इस्तेमाल कर बच्चे इन ऐप्स पर खेलने लगे। गृहिणियां जो समय बिताने के लिए खेल रही थीं, वे धीरे-धीरे कर्ज़ में डूबने लगीं। इस तरह, यह सिर्फ एक ऑनलाइन खेल नहीं रहा — यह सामाजिक बीमारी बन गया था।

**सरकार की भूमिका और आगे की राह**

कानून बनने के बाद अब चुनौती है इसके कड़ाई से पालन की। कई विदेशी सर्वर और वर्चुअल करेंसी आधारित ऐप्स भारत में प्रतिबंध के बाद भी नए नाम से लॉन्च हो सकते हैं। इसलिए सरकार को इन कदमों पर ध्यान देना होगा: साइबर निगरानी प्रणाली को और मजबूत करना। गैरकानूनी विज्ञापनों पर तुरंत कार्यवाही। स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाना कि रियल मनी गेमिंग जुआ है, न कि रोजगार। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से ऐसे विज्ञापनों को पूर्णतः हटाने का दबाव बनाना। डिजिटल वित्तीय लेन-देन पर नजर रखना, ताकि संदिग्ध ऐप्स का पैसा ट्रैक किया जा सके।

**युवाओं के लिए चेतावनी**

भारत की युवा आबादी सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन यही ताकत तब कमज़ोर पड़ जाती है जब उसे झूठे सपनों का लालच दिखाया जाए। रियल मनी गेमिंग ने युवाओं को यह भ्रम दिया कि सफलता 'क्लिक' भर दूर है। लेकिन सच्चाई यह है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता — मेहनत, समय, और स्थायी कौशल ही वास्तविक पूंजी हैं। सरकार ने जिस 'प्रहार' की शुरुआत की है, उसे समाज को भी आगे बढ़कर समर्थन देना चाहिए। क्योंकि सिर्फ कानून से नहीं, जागरूकता और आत्मनियंत्रण से ही इस लत को खत्म किया जा सकता है।

---

जयंती विशेष

श्वेता गोयल



## मिसाइल मैन डॉ. कलाम ने दी सपनों को उड़ान

भारत के इतिहास में कुछ ही व्यक्तित्व ऐसे हुए हैं, जिन्होंने विज्ञान, शिक्षा, नेतृत्व और मानवीयता के हर क्षेत्र में अपने अमिट पदचिह्न छोड़े हों। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, जिन्हें 'मिसाइलमैन' और 'जनता के राष्ट्रपति' के रूप में जाना जाता है, उन विरल महान विभूतियों में से एक थे। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि किस प्रकार सीमित साधनों से प्रारंभ हुआ एक व्यक्ति अपनी प्रतिभा, परिश्रम, ईमानदारी और दृष्टि से राष्ट्र का मार्गदर्शक बन सकता है। उनकी सादगी, मितव्ययिता, निष्ठा और कर्मशीलता ने न केवल वैज्ञानिकों और राजनेताओं को, बल्कि करोड़ों सामान्य भारतीयों को भी गहराई से प्रभावित किया। तमिलनाडु के रामेश्वरम में 15 अक्टूबर 1931 को एक साधारण नाविक परिवार में जन्मे अब्दुल कलाम बचपन से ही जिज्ञासु, परिश्रमी और आत्मविश्वासी थे। गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाया। उन्होंने बचपन में समाचारपत्र बेचकर परिवार को सहारा दिया परंतु उनके मन में सदैव विज्ञान के प्रति गहरी रुचि थी। यह वही जिज्ञासु बालक था, जिसने समुद्र तट पर उड़ते पक्षियों को देखकर उड़ान का सपना देखा और वही सपना बाद में भारत की मिसाइल और अंतरिक्ष परियोजनाओं में वास्तविकता का रूप ले सका। मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद कलाम ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और बाद में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में कार्य किया। इसरो में उन्होंने सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल प्रोजेक्ट में प्रमुख भूमिका निभाई, जिसने भारत को 1980 में 'रोहिणी उपग्रह' के सफल प्रक्षेपण के साथ अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित किया। बाद में डीआरडीओ में लौटकर उन्होंने 'इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम' की अगुवाई की, जिसके तहत पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश, नाग और अग्नि जैसी मिसाइलें विकसित हुई। इस उपलब्धि ने उन्हें भारत का 'मिसाइलमैन' बना दिया। परमाणु शक्ति सम्पन्न भारत का सपना साकार करने में भी डॉ. कलाम की भूमिका अत्यंत निर्णायक रही। 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के दौरान उन्होंने रणनीतिक और तकनीकी दोनों स्तरों पर देश का नेतृत्व किया। यह परीक्षण भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया। कलाम केवल मिसाइल या परमाणु शक्ति के प्रतीक नहीं थे, वे एक ऐसे वैज्ञानिक थे, जिन्होंने अपने कार्य को राष्ट्रनिर्माण का साधन बनाया। डा. कलाम विज्ञान को केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं रखते थे बल्कि उसे समाज की बेहतरी और राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण से जोड़ते थे। उनका मानना था कि विज्ञान केवल खोज का साधन नहीं, आत्मनिर्भरता और नैतिकता का आधार है। वे सदैव कहते थे कि भारत के युवाओं के पास अपार क्षमता है; बस उन्हें अपने सपनों को हकीकत में बदलने का साहस होना चाहिए। उनका प्रसिद्ध वाक्य 'सपना वह नहीं, जो आप सोते समय देखते हैं, सपना वह है, जो आपको सोने नहीं देता' आज भी हर युवा के हृदय में प्रेरणा जगाता है। वे युवाओं से कहते थे, 'अलग सोचने की हिम्मत रखो, आविष्कार करने की हिम्मत रखो, असंभव को संभव बनाने की हिम्मत रखो।' जब वे 2002 में भारत के 11वें राष्ट्रपति बने, तब पूरा देश गौरवान्वित हुआ क्योंकि यह पहली बार था, जब कोई वैज्ञानिक राष्ट्रपति पद तक पहुंचा। राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनकी सादगी में कोई बदलाव नहीं आया। वे केवल दो सूटकेस लेकर राष्ट्रपति भवन पहुंचे, एक में उनके कपड़े और दूसरे में उनकी पुस्तकें। उन्होंने कभी विलासिता को जीवन का हिस्सा नहीं बनने दिया। अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने मात्र दो छुट्टियां ली, एक पिता के निधन पर और दूसरी माता के देहांत पर। उनका जीवन अनुशासन और आत्मसंयम की पराकाष्ठा था। डा. कलाम की बौद्धिक दृष्टि केवल विज्ञान तक सीमित नहीं थी। वे एक गहरे चिंतक, शिक्षाविद् और लेखक भी थे। उन्होंने 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं। उन्होंने जिस शिक्षित, आत्मनिर्भर, नैतिक और वैज्ञानिक सोच वाले भारत का सपना देखा था, वह केवल तकनीकी उपलब्धियों से नहीं, मानवीयता के उन मूल्यों से बनेगा, जिन्हें उन्होंने अपने जीवन में जिया। आज भले ही भौतिक रूप से वे हमारे बीच नहीं हैं पर उनकी आत्मा आज भी हर युवा के सपनों में, हर वैज्ञानिक की प्रयोगशाला में, हर शिक्षक की कक्षा में और हर भारतीय के दिल में जीवित है। डा. कलाम केवल भारत के राष्ट्रपति या वैज्ञानिक नहीं थे बल्कि भारत की आत्मा के प्रतिनिधि थे, जिन्होंने हमें सिखाया कि ज्ञान, विनम्रता और मानवता जब एक साथ चलते हैं तो राष्ट्र अमर हो जाता है।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित

दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

## पांच मिनट का जीवन



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आए हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहां लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## सटाका




## आज की पाती

### खराब सड़कों पर बढ़ता ट्रॉफिक

इन दिनों राजनानी में त्योहारों के चलते लोग खरीददारी करने आ रहे हैं। बाजार में भारी संख्या में दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है, तो दूसरी और सड़कों की खराब हालत के कारण शहर में ट्रैफिक जाम का लगना आम हो गया है। शहर की मुख्य सड़क हो या मेन बाजार इन पर अब घंटों जाम लग रहा है। जिसके कारण लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण सड़कों पर बनने वाले बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जो किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। मेरा प्रशासन से आग्रह है कि सड़कों की मरम्मत के साथ इस पर दुकान लगाकर बैठने वालों पर उचित कार्रवाई की जाए ताकि हादसों की संभावना कम हो और लोग सुरक्षित रहें।

– मनोज कुशवाहा, रायपुर

## करंट अफेयर

### 13 अक्टूबर आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित

संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 1989 में, 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित किया। उस समय, इसका उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण को दुनिया भर में रोज़मर्रा की सोच का हिस्सा बनाना था। आज यह लक्ष्य पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है, क्योंकि आपदाएं पहले की तुलना में अधिक तीव्रता और आवृत्ति से आ रही हैं। हालांकि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अब भी आपदा जोखिम और उनके प्रभावों को कम करने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि आपदाओं को लेकर हमारी सोच और बातचीत का तरीका भी कई बार दीर्घकालिक संकटों को नजरअंदाज कर देता है। तात्कालिक घटनाओं जैसे भूकंप, तूफान और जंगल की आग पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, जबकि जलवायु परिवर्तन जैसे धीमी गति से बढ़ने वाले संकटों पर कम। ईश्वरीय दंड से मानवीय जिम्मेदारी तक इतिहास में आपदाओं को अक्सर ईश्वर का दंड या आस्था की परीक्षा के रूप में देखा गया। प्राचीन ग्रंथों जैसे 'गिलगमेश' महाकाव्य, इस्लामिक परंपराएं, बौद्ध और हिंदू धर्मों में भी प्राकृतिक आपदाओं को आध्यात्मिक या धार्मिक दृष्टिकोण से समझा गया।



## ऑफ बीट

### तैरते सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्रोत

भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी, जो बड़ी मात्रा में सौर और पवन ऊर्जा द्वारा समर्थित होगी।



## ट्रेंड

### रिहाई का स्वागत



हम दो साल से ज्यादा समय तक बंधक बनाए रखने के बाद उनकी रिहाई का स्वागत करते हैं। उनकी आजादी उनके परिवारों के साहस, राष्ट्रपति ट्रम्प के अटूट शांति प्रयासों और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सरचार्ज माफी योजना



पानी के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लेट पेमेंट सरचार्ज माफ करने का निर्णय लिया है। 31 जनवरी, 2026 तक बकाया बिल के भुगतान पर 100% छूट का लाभ मिलेगा। आज 'लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना' एवं 'अनाधिकृत कनेक्शन नियमितीकरण योजना' का शुभारंभ किया है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### अंतिम संस्कार का इंतजार



इससे पीड़ादायक क्या हो सकता है कि वाई. पूरन कुमार की पत्नी एक सप्ताह से अपने पति का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करने का इंतजार कर रही हैं। दिन बीते जा रहे हैं मगर अब भी कोई गिरफ्तारी नहीं - यह साफ अन्याय है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### फर्जी आधार कार्ड



फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने के लिए ही नहीं, बल्कि लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे संगीन अपराधों में भी किया जा रहा है। ऐसे मामलों पर सख्त कदम उठाए जाएं।

- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

रॉयल पत्रिका

# पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यालय में हुआ भव्य कार्यक्रम

## -भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा सामाजिक क्षेत्र की अनेक विभूतियों को किया सम्मानित



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारत रत्न और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से "प्रतिभा सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले "भारत के मिसाइल मैन" डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की गईइसके पश्चात डॉ. कलाम के आदर्शों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का स्मरण करते हुए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कल जैसलमेर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में दिवंगतों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर संवेदना व्यक्त की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ए.पी. अब्दुल्ला कुट्टी ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी दलों द्वारा पूरे देश में मोदी सरकार और भाजपा के संबंध में भ्रामक प्रचार किया जा रहा है, जबकि सम्पूर्ण विश्व में यदि अल्पसंख्यक समुदाय सबसे अधिक सुरक्षित है तो वह केवल भारत में ही है। उन्होंने कहा कि गरीबी के वातावरण से निकलकर देश के सर्वोच्च पद पर पहुँचना डॉ. कलाम की महानता का प्रतीक है, जो न केवल अल्पसंख्यक समाज बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है। मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. कलाम ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि शिक्षा, अनुशासन और कर्मनिष्ठा से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। युवाओं को उनके "विकसित भारत" के स्वप्न को साकार करने के लिए आगे आना चाहिए। उनका सरल और प्रेरक जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद ख़ान मेवाती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का "विकसित भारत" का सपना डॉ. कलाम के "न्यू इंडिया" के विज़न का ही विस्तार है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की दिशा में अग्रसर करना चाहिए।

कार्यक्रम के संयोजक एवं अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री जावेद कुरैशी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि डॉ. कलाम का जीवन सादगी, ईमानदारी और विज्ञान के प्रति समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। कार्यक्रम में मंच संचालन मोर्चा के प्रदेश मंत्री मुराद अली शेख ने किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, मोतीलाल मीणा, जयपुर शहर सांसद डॉ. मंजू शर्मा, मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन ख़ान, एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष नारायण मीणा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष फिरोज ख़ान, डॉ. मजीद मलिक कमांडो, एम. सादिक ख़ान, हिदायत ख़ान धोलिया, डॉ. तसलीम बानो सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# राजीविका SHG महिलाओं ने जेईसीसी जयपुर में नए आपराधिक कानूनों पर लाइव प्रदर्शनी में भाग लिया



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका), जयपुर के तहत लगभग 1,000 स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं ने राजस्थान पुलिस द्वारा जयपुर एग्ज़िबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC), सीतापुरा में आयोजित नए आपराधिक कानूनों पर लाइव प्रदर्शनी में भाग लिया।

यह प्रदर्शनी 13 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों तथा उनकी नागरिकों, विशेषकर महिलाओं के लिए प्रासंगिकता के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाना है। प्रदर्शनी को इस प्रकार तैयार किया गया है कि जटिल कानूनी प्रावधानों को इंटरैक्टिव डिस्प्ले, ऑडियो-विज़ुअल प्रस्तुतियों और लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से सरल और समझने योग्य बनाया जा सके। विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा, साइबर एवं डिजिटल अपराध तथा न्याय प्रणाली में सुधार से जुड़े प्रावधानों पर विशेष ध्यान दिया गया है। भ्रमण के दौरान, पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभागियों को कानूनी अधिकारों, अपराध रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं और शिकायत निवारण तंत्र से संबंधित प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। इस पहल में सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और स्थानीय/ग्रामीण स्तर पर कानूनी जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों को भी रेखांकित किया गया। इस भ्रमण ने ग्रामीण महिलाओं को बदलते कानूनी परिदृश्य को समझने और उसके अपने जीवन से प्रत्यक्ष संबंधों को जानने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। कई प्रतिभागियों ने साझा किया कि यह उनके लिए कानूनी प्रणाली को इतने गतिशील और व्यावहारिक रूप में देखने का पहला अनुभव था। यह आयोजन महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और कानूनी सशक्तिकरण के प्रति राजीविका की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, जो जयपुर जिले एवं उससे आगे आत्मविश्वासी, जागरूक और आत्मनिर्भर ग्रामीण समुदायों के निर्माण के उसके मिशन के अनुरूप है।

# दीपोत्सव पर्व पर नगर निगम ग्रेटर शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने का हर संभव प्रयास

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर दीपावली पर्व पर शहर को सुन्दर, स्वच्छ बनाने के लिये हर संभव प्रयास कर रहा है। इन दिनों नगर निगम ग्रेटर के संसाधनों द्वारा प्रतिदिन 1700 टन कचरा उठाया जा रहा है। सितंबर में लगभग 1200-1300 टन कचरा प्रतिदिन उठाया जा रहा था। गत 14 दिन से यह बढ़कर औसतन 1700 टन प्रतिदिन कचरे का निस्तारण किया जा रहा है जो कि पिछले महीने की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत अधिक है।

वर्तमान में 725 हूपर्स द्वारा 2000 ट्रिप के जरिये घर-घर कचरा संग्रहण किया जा रहा है नगर निगम ग्रेटर की टीम द्वारा रेन्डमली हूपर्स की लोकेशन चैक की जाती है साथ ही आमजन से भी फीडबैक लिया जा रहा है। गैराज शाखा की 35 यूनिट को दो पारियों में संचालित किया जा रहा है (एक यूनिट में एक जेसीबी, लोडर, 2 डम्पर, ट्रैक्टर, ट्रोली होते है यानि 3 मशीनों के सैट को यूनिट कहा जाता है।) नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि दीपोत्सव के अवसर पर शहर स्वच्छ व सुन्दर हो इसके लिए टीमें द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। कचरा डिपो भी हटाये जा रहे है। अब तक 97 कचरा डिपो का चयन कर उनका सौन्दर्यकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही इन स्थलों पर दुबारा कचरा एकत्र ना हो इसके लिये कैमरे स्थापित कर सतत मॉनिटरिंग की जा रही है साथ ही कचरा डालते हुये पाये जाने पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। गत दो माह में शहर को गंदा करने वाले दोषी व्यक्तियों से लगभग 25 लाख रूपये से अधिक राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई है। मुख्य मार्गो पर पेड़ों की कटाई छटाई भी की जा रही है। आयुक्त ने आमजन से अपील की है कि दीपावली पर्व पर शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में शहरवासी भी अपना योगदान दे। कचरा सड़कों पर ना डालकर हूपर्स में ही डाले। जोन स्तर पर सात मैकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से सफाई की जा रही है। जिसमें हर मैकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन पर 10 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। मैकेनाइज्ड मशीनों द्वारा प्रतिदिन 420 से 430 किलोमीटर सड़कों की सफाई की जा रही है।

# दिव्यांग व्यक्तियों के लिए मतदान को सुगम बनाने के संबंध में चुनाव आयोग के निर्देश

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा सामान्य चुनाव और 8 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए 6 अक्टूबर 2025 को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। आयोग ने यो निर्देश दिए हैं कि चुनाव दिव्यांग व्यक्तियों (PwDs) के लिए पूरी तरह से सुलभ बनाए जाएँ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि आगामी चुनाव में सभी मतदान केंद्रों को ग्राउंड फ्लोर/सड़क स्तर पर रखा जाएगा और दिव्यांग मतदाताओं और व्हीलचेयर उपयोग करने वाले वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए उचित ढलान वाली रैंप उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही, मतदान बूथ में प्रवेश के समय दिव्यांग मतदाताओं और वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाएगी। दृष्टिहीन मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग ने ब्रेल लक्षणों वाले सुलभ मतदाता सूचना पर्चे (Accessible Voter Information Slips) जारी करने का निर्देश दिया है, जो नियमित मतदाता सूचना पर्चे (VIS) के साथ प्रदान किए जाएंगे। महाजन ने बताया कि निर्वाचन नियम 1961 की धारा 49N के अनुसार, दृष्टिहीन व्यक्ति अपने साथ किसी सहयोगी को लेकर मतदान केंद्र पर जा सकते है, जो उनके लिए वोट डालने में सहायता करेगा। सभी मतदान केंद्रों पर ब्रेल डमी बैलेट शीट भी उपलब्ध कराई जाएगी। किसी भी दृष्टिहीन मतदाता के लिए यह शीट स्वयं अपने वोट डालने की सुविधा प्रदान करेगी, ताकि वे ब्रेल सुविधा का उपयोग कर स्वतंत्र रूप से वोट डाल सकें, बिना किसी सहयोगी की मदद लिए। आयोग ने निर्देश दिया है कि मतदान के दिन दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र तक उचित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाए। PwD मतदाता ECINET के दिव्यांग (सक्षम) मॉड्यूल पर पंजीकरण कर परिवहन और व्हीलचेयर सुविधा की भी मांग कर सकते हैं।

# अंता विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस नेता कर रहे है भ्रामक और अनर्गल प्रचार- मदन राठौड़




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अंता विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस नेताओं द्वारा किए जा रहे भ्रामक प्रचार पर तीखी प्रतिक्रिया दी। राठौड़ ने कहा कि विरोधी दल के प्रत्याशी न तो किसी नीति पर बात कर रहे हैं, न ही जनता के समक्ष कोई ठोस एजेंडा प्रस्तुत कर रहे हैं। बार-बार एक ही विषय 'पर्ची' को दोहराना, उनकी विचारहीन राजनीति को दर्शाता है। यह समय है कि जनता को स्वस्थ और विकासोन्मुख राजनीतिक संवाद मिले, न कि झूठे आरोपों और निजी टिप्पणियों का मंच। कांग्रेस सरकार के ही तत्कालीन मंत्री ने ही कांग्रेस के उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और ये अब उसी उम्मीदवार के गुणगान कर रहे है। कांग्रेस नेता गहलोत, डोटासरा, जूली और पायलट अपना एजेंडा पेश करने की बजाय भाजपा सरकार के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाकर जनता को भ्रमित कर रहे है। कांग्रेस नेताओं ने भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा की, जातिगत राजनीति को बढ़ावा दिया और अब भाजपा को कोसने में लगे हुए है। कांग्रेस के पास नीतिगत सोच नहीं है। राजनीति व्यक्तिगत आरोपों का माध्यम नहीं, जनसेवा का माध्यम होनी चाहिए। मैं जनता से अपील करता हूँ कि वे कार्यों के आधार पर निर्णय लें, अफवाहों या व्यक्तिगत हमलों के आधार पर नहीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि एक ओर भजनलाल सरकार है जिसने सत्ता में आते ही पानी की वर्षों से लंबित ईआरसीपी परियोजना पर काम किया और वहीं दूसरी ओर गहलोत सरकार, जिसने केंद्र द्वारा बार बार आग्रह करने के बावजूद ईआरसीपी पर पांच साल तक कुंडली मार कर बैठे रहे। भाजपा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए काम किया, अपराध को कम करने की दिशा में काम किया। भाजपा सरकार अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा रही है। जबकि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री के सामने शिक्षा मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, मुख्यमंत्री अपने ही उपमुख्यमंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे और कांग्रेस के मंत्री एक दूसरे पर टीका टिप्पणी कर रहे थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अंता विधानसभा उपचुनाव में हम जनसेवक मैदान में उतारेंगे, जो जनता की सेवा सेवक बनकर करेगा, भाजपा का प्रत्याशी जनता की अपेक्षा को पूर्ण करने वाला और जन भावनाओं के अनुरूप होगा। भाजपा आम जनता की सोच के अनुरूप प्रत्याशी मैदान में उतारेगी और अंता की जनता का भाजपा प्रत्याशी को पूर्ण आशीर्वाद मिलेगा। राठौड़ ने कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा स्वयं—भू उम्मीदवार घोषित करना बताया। उन्होंने कहा कि प्रमोद जैन भाया को पार्टी, लोकतंत्र में विश्वास नहीं था, वे जब से चुनाव हारे, तब से घात लगाकर बैठे थे कि कैसे जीतने वाले प्रत्याशी को हटाया जाए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सांसद हनुमान बेनीवाल के अनर्गल बयान को घटिया मानसिकता का बताते हुए कहा कि हनुमान बेनीवाल की संवेदना मर चुकी है। मेरी पत्नी को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या के चलते हेलीकॉप्टर द्वारा तत्काल जयपुर के अस्पताल लाया गया था, जिसका समस्त व्यय मेरी पत्नी की ही फैक्ट्री से हुआ है। यह आरोप कि इसका भुगतान सरकारी स्रोतों से किया गया, सरासर झूठा और बेबुनियाद है। हम अपनी मेहनत, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता के बल पर राजनीति करते हैं, न कि दूसरों के संसाधनों के सहारे। जिन लोगों ने कभी बिजली का बिल जमा नहीं करवाया,घर खाली नहीं किया, वही आज हमें ईमानदारी का पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि एक ओर अशोक गहलोत, सचिन पायलट और गोविंद सिंह डोटासरा है जिनकी मैं प्रशंसा करूंगा, इन्होंने विपक्ष में होने के बावजूद मेरी पत्नी की कुशलक्षेम पूछी। वहीं दूसरी ओर बेनीवाल है जो इतनी घटिया मानसिकता के साथ अनर्गल आरोप लगा रहे है। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक और भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ भी मंच पर उपस्थित रहे।

# सेवा और मानवता के भाव से मनाया गया डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जन्मदिन



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। भारत रत्न, महान वैज्ञानिक और देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को समाजसेवी महेश जड़ावाल के जन्मदिन के साथ मानवता और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर गायों को हरा चारा खिलाया गया, पक्षियों के लिए ज्वार-बाजरा और मक्का डाला गया तथा स्कूल के बच्चों को फल वितरित कर खुशियाँ बाँटी गईं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि जीवों के प्रति दया और मनुष्यों के प्रति इंसानियत का भाव रखना हर व्यक्ति का नैतिक दायित्व है।

महेश जड़ावाल ने कहा कि डॉ. कलाम जैसे महान व्यक्तित्व हमें यह सिखाते हैं कि सच्ची श्रद्धांजलि तभी है जब हम समाज, पर्यावरण और जीवों के प्रति संवेदनशील रहें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, विद्यार्थी और समाजसेवी मौजूद रहे जिन्होंने सेवा और करुणा का संदेश दिया — कलाम के विचारों से प्रेरित होकर, मानवता के मार्ग पर चलना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है।

# राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित



झुंझुनू (रॉयल पत्रिका)। पोषण अभियान के अंतर्गत मनाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को सूचना केंद्र सभागार में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी झुंझुनू कौशल्या विश्नोई रही, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पोषण व्यंजन प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर दो महिलाओं की गोदभराई रस्म, दो बच्चों का अन्नप्राशन एवं दो बच्चों का शाला प्रवेशोत्सव संपन्न कराया गया। वहीं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की लाभार्थी महिलाओं को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली अलसीसर सीडीपीओ अमिता गेट एवं नवलगढ़ सीडीपीओ संदीप सहित जिले की सुपरवाइजरों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बिजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान राज्य, जिला, परियोजना और आंगनवाड़ी स्तर तक सामुदायिक सहभागिता के साथ थीम आधारित गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इस वर्ष पोषण माह की प्रमुख थीमें हैं — मोटापा नियंत्रण (कम नमक, कम चीनी, कम तेल), प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (पोषण भी पढ़ाई भी), शिशु एवं बाल आहार प्रथाएँ, पुरुष सहभागिता तथा स्थानीय भोजन को बढ़ावा देना। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत आवेदन हेतु विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला, सांख्यिकी विभाग की उपनिदेशक पूनम कटेवा, अतिरिक्त कोषाधिकारी प्रेरणा कालेर एवं प्रियंका लाम्बा सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व मानक दिवस की गुणवत्ता की दिलाई शपथ



पाली (रॉयल पत्रिका)। विश्व मानक दिवस 2025 के उपलक्ष में अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. बजरंग सिंह ने बुधवार को जिला कलक्टर कार्यालय में सभी अधिकारियों व कार्मिकों को शपथ दिलाई। एडीएम सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के समस्त कार्यालय प्रभारी व कार्मिकों को कलेक्ट्रेट परिसर में विश्व मानक दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ में केवल मानकीकृत व आईएसआई प्रमाणित सामान खरीदकर मानकीकरण में अपना योगदान देने, दैनिक जीवन में मानकों के उपयोग को बढ़ावा देने, हमेशा गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवाओं की मांग करने व देश में भारतीय मानक ब्यूरो के माध्यम से चलाए जा रहे गुणवत्ता मिशन में अपना पूरा योगदान देने तथा सदा मानकों के प्रति प्रतिबद्ध रहकर अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित और जागृत करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी समेत अन्य विभागों के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

# फॉरएवर स्टार इंडिया सीजन 5 का ग्रैंड फिनाले दिसंबर में जयपुर में होगा



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। फॉरएवर स्टार इंडिया सीजन 5 का ग्रैंड फिनाले 19 से 21 दिसंबर तक जयपुर स्थित जी स्टूडियो में आयोजित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में फॉरएवर मिस इंडिया, मिसेज इंडिया और मिस टीन इंडिया ब्यूटी पेजेंट्स के विजेताओं की ताजपोशी की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विश्वस्तरीय फैशन कोरियोग्राफर शाय लोबो होंगे, जो शो का निर्देशन और कोरियोग्राफी करेंगे। शाय लोबो शाहरुख खान, आलिया भट्ट और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कई बॉलीवुड सितारों के साथ काम कर चुके हैं। फॉरएवर स्टार इंडिया के फाउंडर राजेश अग्रवाल और डायरेक्टर जया चौहान प्रतिभागियों को पर्सनल ग्रूमिंग और ट्रेनिंग देंगे। आयोजकों ने बताया कि इस इवेंट में ज्योतिषीय गणनाओं के आधार पर देशभर से 9 फैशन डिजाइनर, 9 मेकअप आर्टिस्ट और 9 हेयरस्टाइलिस्ट भी हिस्सा लेंगे। इच्छुक प्रतिभागी फॉरएवर स्टार इंडिया की वेबसाइट www.fsia.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम का हॉस्पिटैलिटी पार्टनर होटल रॉयल ऑर्किड है।

# जैसलमेर बस अग्निकांड घटना दिल दहलाने वाली - मुहम्मद नाज़िमुद्दीन

जैसलमेर (रॉयल पत्रिका)। जैसलमेर-जोधपुर मार्ग पर 14 अक्टूबर को एक निजी बस में अचानक आग लगने और 20 यात्रियों के जलकर मरने की घटना अत्यन्त दुखद है। इस घटना पर जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मुहम्मद नाज़िमुद्दीन ने गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह घटना दिल दहलाने वाली है। इस दुख की घड़ी में हम शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर सभी के परिवारजनों को संयम प्रदान करे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि वह इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग को सजग करें कि वह वाहनों की सही स्थिति की जांच कराएं, ख़राब रख-रखाव वाले वाहनों को रोकने के लिए कड़े इन्तेज़ाम किए जाएं ताकि यात्रियों की सुरक्षा का सही प्रबंध किया जा सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न होवे। उन्होंने सरकार द्वारा दी जा रही तत्काल राहत व चिकित्सा सुविधाओं की सराहना की तथा सरकार से मांग की है कि इस घटना में मृत युवकों के परिवारों को उचित मुआवज़ा दिया जाए।

# डॉ. छायांक उत्तर भारत के सर्वोच्च पुरुस्कार डॉ. आर के सोलंकी एवं बी पी एस एस से सम्मानित




उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। चंडीगढ़ में आयोजित भारतीय मनोचिकित्सा सोसायटी नार्थ जोन (IPS-NZ) के 50वें वार्षिक सम्मेलन में गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर के मनोचिकित्सा विभाग के डॉ. छायांक आचार्य को उत्तर भारत के सर्वोच्च सम्मान "आर. के. सोलंकी अवॉर्ड" तथा "बॉम्बे साइकियाट्रिक सोसायटी सिल्वर जुबली अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उनके और डॉ. जितेन्द्र जीनगर, डॉ. अंजली शर्मा और डॉ. तनमय पटेल द्वारा किये गए शोध "अनाथ और गैर-अनाथ किशोरों में भावनात्मक एवं व्यवहारिक समस्याओं, दुर्व्यवहार, अनुभूत तनाव एवं आत्म-सम्मान की व्यापकता: एक तुलनात्मक अध्ययन" पर मिला।

शोध में सामने आया कि अनाथ किशोरों में भावनात्मक और व्यवहारिक समस्याएं गैर-अनाथ किशोरों की तुलना में कहीं अधिक थीं। लगभग 47.8% अनाथ किशोरों में इन समस्याओं की उपस्थिति दर्ज की गई, जबकि गैर-अनाथ समूह में यह केवल 6.1% थी। इसी प्रकार, अनाथ किशोरों में भावनात्मक कठिनाइयाँ (45.3%) और सहकर्मी संबंधी कठिनाइयाँ (55.3%) भी उल्लेखनीय रूप से अधिक रहीं। लगभग 11% अनाथ किशोरों में तनाव का स्तर अत्यधिक पाया गया, जबकि गैर-अनाथ समूह में यह केवल 0.6% था। आत्म-सम्मान के स्तर में भी बड़ा अंतर देखा गया 60.2% अनाथ किशोरों में आत्म-सम्मान की कमी पाई गई एल, जबकि गैर-अनाथों में यह 28% था। अध्ययन में यह भी स्पष्ट हुआ कि बाल्यकालीन दुर्व्यवहार का संबंध भावनात्मक कठिनाइयों और तनाव में वृद्धि से तथा सकारात्मक सामाजिक व्यवहार एवं आत्मसम्मान में कमी से है। यह शोध इस तथ्य को रेखांकित करता है कि अनाथ किशोर मानसिक और भावनात्मक रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं और उनके समग्र विकास के लिए विशेष मनोवैज्ञानिक सहयोग एवं देखभाल की आवश्यकता है।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्रवाई

## -23 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 04 केन्टर सामान जब्त

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में लालकोठी मण्डी, नगर निगम ग्रेटर के बाहर टोंक रोड़, माल रोड़, परशुराम सर्किल विद्याधर नगर एवं नांगल जैसा बोहरा एवं खिरणी फाटक फाटक के पास आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 23 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 04 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में लालकोठी मण्डी, नगर निगम ग्रेटर के बाहर टोंक रोड़, माल रोड़, परशुराम सर्किल विद्याधर नगर एवं नांगल जैसा बोहरा एवं खिरणी फाटक फाटक के पास आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 04 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 23 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# प्रमोद जैन भाया की नामांकन आमसभा सम्पन्न

## -एआईसीसी सहित प्रदेश, हाडौती कांग्रेस नेताओं ने की शिरकत

बारां (रॉयल पत्रिका) । अन्ता विधानसभा में विधायक पद हेतु सम्पन्न होने जा रहे विधानसभा उप चुनाव को लेकर बुधवार 15 अक्टूबर को कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस हेतु कृषि उपज मण्डी अन्ता में आयोजित नामांकन रैली में हजारो की संख्या में उमडे जनसैलाब को एआईसीसी, प्रदेश स्तरीय एवं हाडौती संभाग के नेताओं ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों, नेताओं, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया द्वारा स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा ने बताया कि प्रमोद जैन भाया की नामांकन आमसभा में महासचिव एआईसीसी व प्रदेश प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा, महासचिव एआईसीसी एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, महासचिव एआईसीसी भंवर जितेन्द्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सचिव एआईसीसी धीरज गुर्जर, सांसद दौसा मुरारीलाल मीणा, लोकसभा कोटा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल, बून्दी विधायक हरिमोहन शर्मा, विधायक हिण्डोली अशोक चांदना, विधायक केशोरायपाटन सी.एल. प्रेमी, विधायक पीपल्दा चेतन पटेल, विधायक सुसनेर भैरूसिंह परिहार, विधायक खानपुर सुरेश गुर्जर, विधायक अमीत चाचान, विधायक जाकिर हुसैन गैसावत, अमीन पठान प्रदेश अध्यक्ष खेलकूद प्रकोष्ठ, पूर्व विधायक शिवनारायण नागर, पूर्व विधायक




पानाचन्द मेघवाल, करणसिंह राठौड, श्रीमती निर्मला सहरिया, पूर्व विधायक स्नेहलता आर्य, पूनम गोयल, सचिव पीसीसी हंसराज मीणा उदपुरिया, सदस्य पीसीसी चन्द्रप्रकाश मीणा, हंसराज मीणा बामली, मोहम्मद अयूब खान बालदडा, कैलाश शर्मा, डीसीसी अध्यक्ष कोटा शहर रविन्द्र त्यागी, डीसीसी अध्यक्ष झालावाड विरेन्द्र सिंह गुर्जर, सहित प्रदेश, हाडौती क्षेत्र से अनेकों नेतागण, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि ने भाग लिया। सभी कांग्रेस नेताओं ने आगामी 11 नवम्बर को अन्ता विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई।

आमसभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि उन्होनें प्रमोद जैन भाया जैसे व्यक्तित्व का धनी व्यक्ति अपने जीवन में नही देखा। भाया द्वारा धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र एवं विकास के कई ऐतिहासिक कार्य करवाए है। भाया ने गौमाता की सेवा के साथ-साथ पशु-पक्षियों की सेवा के लिए भी निःशुल्क अस्पताल खोल रखा है जिसका उदघाटन उनके द्वारा किया गया था। गरीब परिवारों की बच्चियों का निषुल्क विवाह, चिकित्सालय में भर्ती मरीजों, परिजनों की सेवा, निषुल्क डेड बाडी को घर तक पहुंचाने जैसी सेवाएं भाया द्वारा की है। गहलोत ने कहा कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने, उनके नाम बदलने का कार्य किया है। कांग्रेस शासन द्वारा आमजन के लिए निषुल्क खाद्यान्न किट, इंदिरा रसोई योजना, बालिकाओं के लिए निषुल्क स्कूटी योजना, आमजन को 100 यूनिट तथा किसान भाईयों को 2000 यूनिट फ्री बिजली देने जैसे जनकल्याणकारी काम किये है।

सभा को राजस्थान प्रदेष प्रभारी एवं एआईसीसी महासचिव सुखजिन्दर सिंह रंधावा, एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, कांग्रेस प्रदेष अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, एआईसीसी महासचिव भंवर जितेन्द्र सिंह, एआईसीसी सचिव धीरज गुर्जर, दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा, कोटा बूंदी लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल सहित कई बड़े नेताओं ने संबोधित करते हुए वर्तमान भाजपा सरकार की नाकामियों के बारे में विस्तार से बताया। आमसभा को प्रमोद जैन भाया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि उनके 60 साल के जीवनकाल में उनके खिलाफ एक भी मुकदमा दर्ज नही हुआ लेकिन राजनैतिक द्वेषतावष उनके खिलाफ 7 झूंठे मुकदमें दर्ज करवाए गए तथा उनके साथियों के खिलाफ 18 झूंठे मुकदमें दर्ज करवाए। हमनें अपने अधिकारों की लडाई लडी और हमें न्याय मिला तथा उन्हें जेल भेजा। मैं ईष्वर में आस्था रखता हूं हमे कई धमकियां मिली। अंता में निर्माण कार्य, मंदिरों के कार्य, मांगरोल में खेल स्टेडियम के निर्माण कार्य करवाए गए और उसमें मेरे झूंठे लेटरपेड स्टाम्प लगाकर मुल्जिम प्रमोद भाया को बनाया गया। भाया ने कहा कि 20 महीने के शासन में रेत, पत्थर, मिट्टी के भाव आसमान पर पहुंचा दिए गए तथा भाजपा नेता चांदी कूट रहे है। भाया ने कहा कि मैं जब खान मंत्री था तब कहते थे भाया रेत, भाटा, मिट्टी खा गया मैं ऐसे व्यक्तियों से पूछना चाहता हूं कि अब तो आपकी सरकार है अब क्यों नही इन सभी चीजों के भाव कम नही हो रहे। सभा को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

प्रमोद भाया के नामांकन हेतु आयोजित आमसभा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं सहित कांग्रेस के नेताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# वतन फाउंडेशन ने कलाम रत्न अवार्ड सम्मान समारोह आयोजित कर मनाई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। भारत रत्न मिसाइल मैन एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर बुधवार 15 अक्टूबर 25 को सवाई माधोपुर में "हमारा पैगाम भाईचारे के नाम" की थीम पर काम करने वाली वतन फाउंडेशन संस्था द्वारा "कलाम रत्न अवार्ड" सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

वतन फाउंडेशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता मोइन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों के प्रत्येक संकाय के ब्लॉक स्तर के कुल 25 टॉपर छात्र-छात्राओं और जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 15 प्रतिभाओं को "कलाम रत्न अवार्ड" से सम्मानित किया गया साथ ही कार्यक्रम में पधारी देश के अलग अलग स्थानों पर उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों को "कलाम गौरव अवार्ड" से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साबिर खान जादौन एंटर प्राइजेज मौजूद रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक संगठन कल्याण संस्था नई दिल्ली की इंद्रजीत कौर ने की इस अवसर पर मुख्य अतिथि साबिर खान ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम एक महान विभूति थी, उनके जैसा महान व्यक्तित्व वाला इंसान सदियों में पैदा होता है। उन्होंने कहा कि मिसाइल मैन भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर शुरू की गई कलाम रत्न अवार्ड की पहल सराहनीय है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर गंगासहाय ने कहा कि कलाम साहब सादगी के प्रतीक थे। एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण बातों को जीवन में कहीं ना कहीं उतारना




चाहिए। साथ ही उन्होंने वतन फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज के दौर में सबसे ज्यादा जरूरत इस भाईचारे मोहब्बत और मानवता की है, जो कि समाज में कहीं ना कहीं लुप्त होता जा रहा है। कार्यक्रम के ही विशिष्ट अतिथि सी एल मीना एयर पोर्ट ओथरेटी ऑफिसर किशनगढ़ ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने इर्द-गिर्द के मकान में रहने वाले लोगअगर मोहब्बत और भाईचारे के साथ रहे तो हम एक बेहतरीन समाज का निर्माण कर सकते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही इंद्रजीत कौर ने कहा कि सबसे ज्यादा जरूरत आज के दौर में महिलाओं एवं बच्चों की शिक्षा की भी है जिसके बिना हर चीज अधूरी है।

फाउंडेशन की परंपरा के अनुसार जिले के एक हजार 56 राजकीय विद्यालयो के कुल छात्र छात्राओं में से दसवीं व 12 वी क्लास के टॉपर 26 छात्र छात्राओं को जिन्होंने सर्वाधिक अंक प्राप्त जिले व अपने विद्यालय का नाम रोशन किया को कलाम रत्न अवार्ड से नवाजा गया।

इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु ग्राम सेवा निवासी जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में कार्यरत प्रोफेसर गंगासहाय मीना, विज्ञान के क्षेत्र में विश्व के 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान पाने वाले ग्राम सिरसाली निवासी तथा जेएनयु के प्रोफेसर राम अवतार मीना, सामाजिक समरसता हेतु साबिर खान जादौन, कला के क्षेत्र में गायक डा हैदर सैफ, बाल कलाकार के रूप में मूर्तिकार सुनील वर्मा, साहित्य सेवा के लिए वकील अहमद सागर मलारनवी, मानव सेवा में लायन्स क्लब, विदेश में रहकर कार्य कर रहै लोगों की आपातकालीन मदद हेतु कलाम खान, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टर आर पी गुप्ता, पर्यावरण के क्षेत्र में गोवर्धन मीणा, सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में डॉक्टर बलीग़ अहमद, पत्रकारिता के क्षेत्र में दीनबंधु वशिष्ठ राजस्थान पत्रिका एवं मदन मोहन गर्ग देश की धरती को कलाम रत्न अवार्ड से नवाज़ा गया तथा कल्याण ट्रस्ट दिल्ली की अध्यक्ष इंद्रजीत कौर, राजस्थानी सिनेमा के निर्देशक लखविंदर सिंह, YGN एजुकेशन ग्रुप कोटा के अरशद अंसारी, किशनगढ़ एयरपोर्ट की एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफिसर सीएल मीना, प्रसिद्ध शायर एम आई ज़ाहिर तथा मदद फाउंडेशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह सफेड़ , भामाशाह के रूप में एस सी मोर्चा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश पहाड़िया, नगर परिषद पूर्व सभापति कमलेश जैलिया, गांधी जीवन दर्शन समिति संयोजक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद जैन, दीपक खट्टर, हरक चंद जैन हंसा भाई, राजेंद्र गर्ग टेंट वाले , पूर्व सभापति रमेश बैरवा, पार्षद संजय बैरवा, अभिमन्यु सिंह सेविका हॉस्पिटल को कलाम गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी मौजूद मीडिया के साथियों एवं वतन फाउंडेशन टीम के सभी कार्यकर्ताओं को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्था के मुखिया हुसैन आर्मी ने बताया कि विगत 4 वर्षों से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर कलाम रत्न अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिस में जिले के सरकारी विद्यालयों के टॉपर बच्चों एवं अपने अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शख्सियतों को कलाम रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाता है।

# दिव्यांग जन ने जागरूकता रैली निकालकर मतदान के लिए किया प्रेरित

## -विश्व श्वेत छड़ी दिवस पर दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल लिपि से मतदान की जानकारी

शब्बीर हुसैन

बारां (रॉयल पत्रिका) जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर ) रोहिताश्व सिंह तोमर एव सीईओ व नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशन में 11 नवंबर को अंता विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता ट्राई साईकिल रैली का आयोजन किया गया ,इसी क्रम में मांगरोल में एसडीओ सौरभ भाम्बू ने वरिष्ठ नागरिकों से उत्साह के साथ मतदान करने की बात कहकर मतदान का संकल्प कराया, साथ ही दिव्यांगजन जागरूकता रैली कोश्रोती बावड़ी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ,रैली से पहले वरिष्ठ जन एवं दिव्यांग मतदाताओ के साथ चुनाव संबंधी परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें सह प्रभारी स्वीप अमित भार्गव ने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा दृष्टिबाधित मतदाताओं को मुख्य रूप से ब्रेल साइनेज वाली ईवीएम के माध्यम से सुविधा मिलती है, जिससे वे स्वयं उम्मीदवारों के नाम पढ़कर मतदान कर सकते हैं, वहीं



दिव्यांगजन एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ मतदाता जो बूथ पर जाकर मतदान करने में सक्षम नहीं है उन्हें होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है, जिसे संबंधित बीएलओ प्रपत्र 12डी के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे, साथ ही सक्षम ऐप द्वारा मतदान केंद्र पर प्राप्त होने वाली सुविधाओं व्हीलचेयर एवं वॉलिंटियर्स आदि के बारे में बताते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस दौरान मतदाताओं से संकल्प पत्र भी भरवाये गए। मानव श्रृंखला बनाकर किया जागरूक "रैली के दौरान दिव्यांगजन" हम भी पीछे नहीं रहेंगे, मत देकर सरकार चुनेंगे" "सारे काम छोड़ दो ,सबसे पहले वोट दो" नारो का उद्घोष करते हुए श्रोती बावड़ी से मुख्य मार्ग होते हुए कुंज चौक पहुंचे जहां मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वही अंता पंचायत समिति सभागार में विकास अधिकारी राधेश्याम भील ने दिव्यांगजन को मतदान दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं एवं सी विजिल ऐप की जानकारी देते हुए शत् प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राजेश मीणा,स्वीप सदस्य रामचरण मीणा, सत्यनारायण चैरासिया,राजेन्द्र गौचर, प्रवीण गुर्जर,लटूरलाल मीणा,वरिष्ठ मतदाता,दिव्यांगजन एवं गणमान्य जन मौजूद रहे।

# चूरू एसडीएम ने किया सानिवि एक्सईएन कार्यालय का निरीक्षण

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार बुधवार को चूरू एसडीएम सुनिल कुमार ने सानिवि अधिशासी अभियंता कार्यालय का निरीक्षण कर प्रोजेक्ट कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान एसडीएम ने चूरू ब्लॉक में चल रहे मेजर प्रोजेक्ट कार्यों एवं विभागीय योजनाओं में प्रगति की जानकारी ली। एसडीएम ने निर्धारित समय सीमा में ढाणी रणवां से मठोडी वाया थालोडी एवं रीबिया से पीथीसर रोड़ के कार्य, चूरू कलेक्ट्रेट के निर्माण कार्य, पूनिया कॉलोनी व अग्रसेन नगर में निर्माणाधीन आरओबी



कार्य के साथ-साथ पुलिया के दोनों तरफ सर्विस रोड का कार्य शीघ्र समयबद्ध और गुणवत्ता करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूनिया कॉलोनी व अग्रसेन नगर में निर्माणाधीन आरओबी कार्य का भौतिक निरीक्षण भी किया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता हिमांशु महला, सहायक अभियंता चंचल, पीए सुरेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता पूनम, विजयपाल, मनोहर, रामनिवास आदि उपस्थित रहे।

# त्योहारी सीजन पर खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई

## -खाद्य सामग्री के 8 नमूने लिए, 132 किलो मावा नष्ट करवाया

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा टीम ने त्योहारी सीजन पर 'शुद्ध आहार—मिलावट पर वार' अभियान के तहत बुधवार को तारानगर व साहवा में कार्रवाई की। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन बाजिया व रतनसिंह गोदारा की टीम ने साहवा में बालाजी मावा भंडार से मावा व पनीर, रामदेव मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी, राधा—माधव किराणा स्टोर से सरसों तेल का नमूना लिया। इसी तरह तारानगर मे जोधपुर स्वीट्स होम से मावा, खेतेश्वर जोधपुर भंडार से मावा पेड़ा, महावीर मिष्ठान भंडार से पनीर का नमूना लिया। इसी क्रम में 132 किलो दूषित मावा नष्ट करवाया।उन्होंने



बताया कि व्यापारियों को शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के लिए पाबंद किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन बाजिया ने बताया कि नमूनों को प्रयोगशाला जयपुर में जांच के लिए भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मंडी व्यवसायी राजीव अग्रवाल को भाजपा जिला कोषाध्यक्ष घोषित किया




बारां (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी जिला भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद दुष्यंत सिंह की सहमति से जिलाध्यक्ष नरेश सिकरवार ने जिला कोषाध्यक्ष के पद पर मंडी व्यवसायी राजीव अग्रवाल(टिंकू) की नियुक्ति की। भाजपा जिला प्रवक्ता सचिन सनाढ्य व सह प्रवक्ता योगेश राजोरा ने मीडिया को बताया की राजीव अग्रवाल(टिंकू) का परिवार भाजपा से आता है सेठ भूरालाल अग्रवाल के पोत्र है प्रभुदयाल बंसल, जगदीश बंसल आदि परिवार के लोग पहले से पार्टी के पदाधिकारी रहे स्वयं भी पूर्व मे युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष व नागरिक सहकारी बैंक के डारेक्टर रहे है वही अब जिला कोषाध्यक्ष का दायित्व संभालेंगे। घोषणा के दोरान भाजपा प्रदेश मंत्री व चुनाव प्रवेक्षक महेंद्र कुमावत, भाजपा नेता मुकेश केरवालिया, मोहम्मद अशफाक, शहर अध्यक्ष ओपी पारेता, दानिश मोहम्मद, भानु प्रताप रहलाई, श्याम नागर, वंश प्रताप, महेश यादव सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किड्स पैराडाइज की छात्रा किरण ने तीन स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित किड्स पैराडाइज शिक्षण संस्थान की 11वीं छात्रा किरण ने टैगोर शिक्षण संस्थान राजगढ़ में हुई जिलास्तरीय अंडर-17 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल व शहर का मान बढ़ाया संस्था निदेशक मोहम्मद इसाक खान ने बताया कि किरण ने 100 मीटर बाधा दौड़, लंबी कूद व त्रिकूद में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते हैं। बेस्ट एथलेटिक्स का पुरस्कार भी प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य



प्रभा कला, विकास कुमार, फारुख खान, मदन कुमार, आमिर, इस्लाम खान, इरफान खान स्कूल स्टाफ आदि ने किरण का अभिनंदन किया। एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# संगीत संगम ने सुरो के जादुगर किशोरदा को किया याद

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर प्रसिद्व पार्श्वगायक किशोर कुमार की पुण्य तिथि के अवसर पर संगीत को समर्पित संस्था संगीत संगम में उन्हे स्वराजंलि देकर श्रद्वांजलि दी। शिक्षाविद् के.सी.सोनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारो ने एक से बढ़कर एक किशोर कुमार के गाये गाने को गाकर उन्हे याद किया। संगीत संगम के डायरेक्टर अजय भालेरीवाला ने पग धुधरू बांध मीरा नाची गाना गाया तो उपस्थित श्रोता झुमने पर मजबूर हो गये। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे के.सी.सोनी ने जीवन से भरी तेरी आंखे संगीत संगम के उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने जिधर देखू तेरी तस्वीर जगदीश खेड़ीवाल ने फुलो का तारो का। राजीव बुटोलिया ने हमे तुमसे प्यार कितना। विजय कांत शर्मा ने मेरा जीवन कोरा कागज। सुलोचना पटेल ने पल पल दिल ने पास। रवि दाधीच ने रीम झीम गीरे सावन। दीपक बीका ने छुकर मेरे मन को। गीत गाकर किशोर दा को श्रद्वांजलि दी। इस अवसर पर संगीत संगम के डायरेक्टर अजय भालेरीवाला ने सभी का स्वागत किया एवम् किशोरदा को श्रद्वांजलि देते हुऐ कहा कि वे एक नैसर्गिक प्रतिभा के धनी थे। ईश्वर



ने उनको खनकदार आवाज का धनी बनाया जिसके कारण आज भी संगीत प्रेमी उनको याद करते है। आज भी वे लोगो के दिलो में जिंदा है। कार्यक्रम के समापन पर प्यार हमे किस मोड़ पर ले आया सामुहिक गान के साथ समापन हुआ।

# लिटिल स्केचर्स प्री स्कूल एवं स्केचर्स एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया दीपावली उत्सव

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। तालाब रोड, रामनगर स्थित लिटिल स्केचर्स प्री स्कूल एवं स्केचर्स एकेडमी में बुधवार को दीपावली उत्सव बड़े हर्षोल्लास और उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक भावेश सोनी एवं रवीन्द्र सोनी ने माता लक्ष्मी की आराधना और दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर दोनों निदेशकों ने बच्चों को दीपावली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। उत्सव के दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। विशेष आकर्षण रहा राम-सीता की कहानी पर आधारित अभिनय, जिसमें नन्हे कलाकारों ने अपने




सुंदर अभिनय से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय परिसर दीपों की रोशनी और बच्चों की मुस्कुराहटों से जगमगा उठा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को दीपक और चॉकलेट वितरित किए गए। बच्चों ने पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर दीपावली का उत्सव आनंद और उमंग के साथ मनाया।

# मतदान अधिकारियों ने सीखी वोटिंग की प्रक्रिया

बारां (रॉयल पत्रिका)। अंता विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के अन्तर्गत बुधवार को मतदान दलों में नियुक्त होने वाले द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

बटावदी स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में चल रहे प्रशिक्षण में मतदान अधिकारियों को मॉक पोल, ईवीएम संचालन के साथ द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारी के दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान एडीएम शाहबाद जब्बर सिंह, सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, एसीईओ हरीशचन्द्र मीणा, एसडीएम विश्वजीत सिंह, अधीक्षण अभियंता मनोज पूरबगोला, तहसीलदार दशरथ मीणा आदि ने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं को देखा। मास्टर ट्रेनर सुनील शर्मा व धर्मेन्द्र मेघवाल के निर्देशन में दक्ष प्रशिक्षकों ने मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षित किया। गुरूवार को महिला मतदान अधिकारी, दिव्यांग मतदान अधिकारी, वीडियोग्राफर सुपरवाइजर, माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर अधिकारी आदि के प्रशिक्षण होंगे।

# जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से संगठन सर्जन अभियान कार्यक्रम

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी कार्यक्रम संगठन सर्जन अभियान के तहत गुरूवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर व देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू ने बताया कि चूरू जिला कांग्रेस का कार्यक्रम एआईसीसी पर्यवेक्षक सुभाष चौपडा, पीसीसी पर्यवेक्षक फतेहपुर विधायक हाकम अली खान, पीसीसी सचिव रामनिवास बिडोदी के आतिथ्य में गुरुवार 16 अक्टूबर को दोपहर 03:00 बजे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में प्रमुख कांग्रेसजनों से संवाद कार्यक्रम होगा। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा इसके पश्चात शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक होगी। उक्त कार्यक्रम के बाद जिलाध्यक्ष के पद पर इच्छुक कांग्रेसजनों से वन टू वन चर्चा की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया व चूरू जिला अध्यक्ष इन्द्राज खिचड भी उपस्थित रहेगे।

## एबीएस को एलएंडटी से 27 करोड़ का ऑफशोर पोत चार्टर अनुबंध मिला

**मुंबई, एजेंसी।** एबीएस मरीन सर्विसेज लिमिटेड जो जहाज प्रबंधन, पोत स्वामित्व, समुद्री और बंदरगाह सेवाओं में अग्रणी समुद्री कंपनियों में से एक है, ने घोषणा की है कि उसने भारत की प्रमुख इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचा कंपनी लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) के साथ एक चार्टर पार्टी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ यह नया चार्टर अनुबंध एबीएस मरीन के विविध ऑफशोर और बंदरगाह सेवा संचालन पोर्टफोलियो को और अधिक मजबूत करता है। हाल ही में, कंपनी ने कई उच्च–मूल्य वाले अनुबंध हासिल किए हैं, जिनमें ओएनजीसी और श्लमबर्जर एशिया सर्विसेज के साथ दीर्घकालिक चार्टर अनुबंध, तथा चेन्नई और विशाखापत्तनम बंदरगाह प्राधिकरणों के साथ बहुवर्षीय बंदरगाह सेवा समझौते शामिल हैं। ये सभी विकास एबीएस मरीन की भारत के ऑफशोर ऊर्जा, समुद्री लॉजिस्टिक्स और बंदरगाह अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र में बढ़ती उपस्थिति को दर्शाते हैं। साथ ही, यह कंपनी की मजबूत तकनीकी क्षमताओं, संचालन में उत्कृष्टता और जटिल समुद्री परियोजनाओं के लिए एक विश्वसनीय और पसंदीदा साझेदार के रूप में उसकी प्रतिष्ठा को भी उजागर करते हैं। वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए एबीएस मरीन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कैप्टन पी.बी. नारायणन ने कहा- लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ यह चार्टर अनुबंध एबीएस मरीन की भारत के ऑफशोर और ऊर्जा लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उपस्थिति बढ़ाने के हमारे निरंतर प्रयासों की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। एलएंडटी जैसी प्रतिष्ठित कंपनी के साथ साझेदारी करना हमारे संचालन क्षमता और सुरक्षा–प्रमुख दृष्टिकोण में उद्योग के भरोसे की पुष्टि करता है। इस परियोजना के लिए हमारे डीपी2 प्लेटफॉर्म सप्लाई वेसल की तैनाती हमारे बेड़े के उपयोग को और बढ़ाएगी और हमारी नियमित राजस्व धारा में योगदान देगी। पिछले एक वर्ष में, हमने ऑफशोर, पोर्ट और विशिष्ट समुद्री सेवाओं के क्षेत्रों में उत्साहजनक वृद्धि देखी है, और यह अनुबंध उस विकास गति को और बल देता है। यह हमारे ग्राहकों द्वारा हमारे लोगों, प्रदर्शन और विश्वसनीयता में जताए गए विश्वास का स्पष्ट प्रमाण है।

## डीपीएनजी की पेशकश पर त्यौहारी सीजन में कीमत कटौती की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की अग्रणी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी थिंक गैस ने उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब में कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) पर 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम कीमत घटाने की आज घोषणा की जो तत्काल प्रभाव से लागू है। कंपनी इन राज्यों में घरेलू पाइप्ड नैचुरल गैस (डीपीएनजी) की कीमतों में भी 3 रुपये प्रति एससीएम की कमी करेगी। कंपनी ने त्योहारी सीजन से पहले यह पहल की है जिससे व्यापक स्तर पर ग्राहकों को स्वच्छ ऊर्जा समाधान अपनाने की दिशा में प्रोत्साहन मिलेगा और साथ ही उन्हें काफी बचत भी होगी। थिंक गैस के प्रबंध निदेशक और सीईओ अभिलेश गुप्ता ने कहा, हम हमारे ग्राहकों को मूर्त लाभ उपलब्ध कराने को लेकर प्रतिबद्ध हैं और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा तैयार किए जा रहे अनुकूल नीतिगत वातावरण से उत्साहित हैं। हाल ही में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सीएनजी और पीएनजी के लिए घरेलू प्राकृतिक गैस का अग्रिम आबंटन जैसे किए गए नीतिगत उपायों के साथ ही टैरिफ जोन्स घटाने के लिएसन्निकट संसोधन से आपूर्ति पूर्वानुमान बढ़ा है, परिवहन लागत घटी है और सीडीजी क्षेत्र की वित्तीय व्यवहार्यता मजबूत हुई है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निरंतर सहयोग के साथ हम ये लाभ हमारे ग्राहकों तक पहुंचाने की अच्छी स्थिति में हैं। बागपत (यूपी), बेगूसराय (बिहार), बरनाला, मोगा, कपूरथला, लुधियाना और एसबीएस नगर (पंजाब) में सीएनजी की दरें 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम और डीपीएनजी की कीमतें 3 रुपये प्रति एससीएम घटा दी गई हैं।

# ट्रंप के लाडले बैरन ने भेदिया कारोबार से पैसे कमाए?

## टैरिफ संकट के बीच क्रिप्टो शॉर्ट करने के आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
क्रिप्टो की दुनिया में एक खबर ने बवाल मचा दिया है और इसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे छोटे बेटे बैरन ट्रंप का नाम शामिल है। खबरों के अनुसार 10 अक्तूबर को चीन पर 100त्न टैरिफ लगाने के ट्रंप के फैसले से महज कुछ घंटे पहले अमेरिका में लाखों डॉलर मूल्य का एक बिटकॉइन शॉर्ट किया गया। इस फैसले के तुरंत बाद बिटकॉइन कीमतें फिसल गईं। जिस व्यक्ति ने यह शॉर्ट किया था उसे कथित तौर पर 16 करोड़ से 20 करोड़ डॉलर का मुनाफा हुआ। हालांकि उस ट्रेडर की पहचान अब तक जाहिर नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि वह ट्रेडर और कोई नहीं बैरन ट्रंप हैं। ट्रम्प के सबसे छोटे बेटे के क्रिप्टो ट्रेडिंग में



शामिल होने की पिछली रिपोर्टों के बीच इस अटकलबाज़ी को बल मिला है। क्रिप्टो की कीमतों में गिरावट पर दांव लगाने की विरोधाभासी प्रकृति और प्रमुख नीतिगत फैसलों में इसकी संलिप्तता को देखते हुए, कई लोगों का मानना है कि यह ट्रम्प परिवार का कोई करीबी था जिसे नीतिगत फैसले की जानकारी लीक हुई थी। लेकिन, अभी तक ऐसी कोई पुष्ट रिपोर्ट नहीं है जिससे पता चले कि बैरन ट्रंप इस सौदे में शामिल व्यापारी नहीं थे। इसके अलावा, जिन्न नाम के एक उपयोगकर्ता ने बिटकॉइन सौदे के पीछे खुद को व्यापारी बताया और स्पष्ट किया कि इस सौदे में ट्रंप के परिवार की कोई संलिप्तता नहीं थी। उपयोगकर्ता ने कहा कि यह सौदा ÷तकनीकी विश्लेषण÷ और बिटकॉइन की एक परिसंपत्ति के रूप में ÷अतिमूल्यवान÷ प्रकृति पर आधारित था। गौरतलब है कि ट्रंप की घोषणा के बाद क्रिप्टो बाजार में भूचाल दिखा। सभी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी में गिरावट देखी गई। बिटकॉइन .1,25,000 से गिरकर .105,000 पर आ गया। हालांकि, सोमवार को बाजार खुलते ही इनकी कीमतों में अचानक उछाल आया। ट्रंप के टैरिफ निर्णय के बाद बिटकॉइन की कीमतों में गिरावट चीन पर टैरिफ के एलान के बाद क्रिप्टो बाजार में हाल के समय में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान बिटकॉइन 8.4त्न तक फिसल गयाऔर सभी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी प्रभावित हुई। क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म कॉइनग्लास ने बताया कि शुक्रवार को 16 लाख व्यापारियों ने अपनी

## टाटा एआईजी सर्वेक्षण में पाया गया कि, 4 में से 3 कार्डिओलॉजिस्ट्स का मानना है कि, अधिकांश हार्ट पेशंट 50 वर्ष से कम आयु के हैं

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की एक अग्रणी जनरल इन्शुरन्स कंपनी, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण के निष्कर्ष आज जारी किए, जिसमें लगभग 300 कार्डिओलॉजिस्ट्स के रिस्पॉन्सेस रिकॉर्ड किए गए। इस सर्वेक्षण में युवा भारतीयों में गंभीर हृदय बिमारियों का सामना करने की चिंताजनक प्रवृत्ति का खुलासा हुआ है, साथ ही प्रारंभिक चेतावनी के संकेतों के बारे में लोगों की अज्ञानता और अपर्याप्त वित्तीय तैयारी भी सामने आई है। यह सर्वेक्षण पिछले एक दशक में हृदय देखभाल में आए एक बड़े बदलाव को दर्शाता है। अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि किस प्रकार हृदय रोग युवा भारतीयों को तेज़ी से प्रभावित कर रहा है, 74 प्रतिशत डॉक्टरों ने बताया कि उनके अधिकांश मरीज़ अब 50 वर्ष से कम आयु के हैं। वर्तमान में, 36 प्रतिशत डॉक्टरों के पास आने वाले हृदय मरीज़ों की आयु 31–40 के बीच है, और 38 प्रतिशत डॉक्टरों के पास 41–50 आयु वर्ग के हृदय मरीज़ आते हैं। एक दशक पहले 87 प्रतिशत मामले 41 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के होते थे। सर्वेक्षण के निष्कर्षों के बारे में, सीनियर एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट और कंज्यूमर क्लेम्स के नेशनल हेड, श्री राजगोपाल रुद्रराजू ने कहा, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि भारत की हृदय संबंधी चुनौती मेडिकल और वित्तीय दोनों है। युवा लोगों में हृदय की बीमारी की बढ़ती घटनाओं का मतलब है कि परिवार इन समस्याओं के लिए भावनात्मक और आर्थिक दोनों रूप से तैयार नहीं होते हैं। पिछले पांच वर्षों में, कार्डियोलॉजी उपचार की लागत लगभग 65 प्रतिशत से बढ़ी है। हैरानी की बात है कि 78 प्रतिशत डॉक्टरों ने बताया कि मरीज़ सीने में दर्द या बेचैनी को अनदेखा कर देते हैं, जब कि यह हृदय संबंधी समस्याओं का सबसे महत्वपूर्ण प्रारंभिक चेतावनी संकेत है। कई लोग सांस फूलने और किसी भी स्पष्ट कारण के बिना आने वाली थकान को भी नज़रअंदाज़ कर देते हैं, जिससे निदान में देरी होती है।

## इस त्योहारी मौसम में 'संसार' लाए

**इंदौर, एजेंसी।** भारत में त्योहार केवल रीति–रिवाज़ निभाने का समय नहीं होते, बल्कि रिश्तों के फिर से करीब आने का अवसर होते हैं। यह वह मौसम है जब परिवार एक साथ बैठते हैं, पुराने दोस्त अचानक मिलने चले आते हैं और पड़ोसी चाय के एक प्याले पर घंटों हँसी–मज़ाक में डूब जाते हैं। ऐसे में घर को भी उसी आत्मीयता, उत्साह और रंगीनता से भरा होना चाहिए, वह स्वागत करने वाला, जीवंत और व्यक्तित्व से भरपूर होना चाहिए। अगर आप अपने घर को त्योहारी रंग–रूप देना चाहते हैं, तो इसका सर्वोत्तम उपाय संसार है। डी 'डेकोर समूह के अंतर्गत आने वाला यह गृह–सज्जा ब्रांड आपके घर को सादगी, गरिमा और गर्मजोशी से निखारने का सहज तरीका प्रदान करता है। इसके सुंदर कपड़े और सजावटी उत्पाद आपके घर में आकर्षण बढ़ाते हैं, बिना जगह को बोझिल बनाए।

## दिवाली के रंगों में सजा फैबइंडिया का नया स्वर्णिम 2025 कलेक्शन



**मुंबई, एजेंसी।**
रोशनी, स्नेह और उल्लास के इस मौसम में, फ़ैबइंडिया ने अपने स्वर्णिम दिवाली 2025 कलेक्शन पेश किया है। गहरे पर्पल और ब्लू शेड्स से बना यह कलेक्शन पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक डिज़ाइन के साथ जोड़ता है, जो त्योहार के दौरान पहनावे और उपहार दोनों के लिए उपयुक्त है। फ़ैबइंडिया के तैयार किये गए प्रत्येक पीस में भारतीय कारीगरी के प्रति प्रतिबद्धता झलकती है। यह कलेक्शन हस्तनिर्मित कपड़ों और बारीक हस्तकला को आधुनिक डिज़ाइन के साथ जोड़ता है साथ ही हमारे भारतीय विरासत को दर्शाता है जिसमे परंपरा और आधुनिकता का परिपूर्ण मेल है इस कलेक्शन को पूरे परिवार के लिए खास रूप से तैयार किया गया है, महिलाओं के लिए सुंदर कढ़ाईदार और प्रिंटेड कुर्ते, ट्यूनिक और सिल्क साड़ियाँ हैं; पुरुषों के लिए पारंपरिक स्पर्श के साथ बने मॉडर्न कट्स वाले कुर्ता और बंदगला जैकेट उपलब्ध हैं। बच्चों के आउटफिट जैसे स्कर्ट सेट और धोती–कुर्ता सेट को आराम और स्टाइल को ध्यान में रख के तैयार किया गया है फ़ैबइंडिया की फ़ैबहोम रेंज आपके घर को त्योहारी चमक देता है। हाथ से बने दीये, लैंप, कढ़ाईदार सिल्क कुशन, पीतल की थालियाँ आपके घर में आकर्षण बढ़ाते हैं। साथ ही ये उपहार देने के लिए भी एकदम उपयुक्त हैं, जो परंपरा और शान का सुंदर मेल दर्शाते हैं।

# सूर्या रोशनी ने बढ़ाया अपना विस्तार

## मालनपुर में वायर्स एंड केबल्स प्लांट का शुभारंभ

**ग्वालियर, एजेंसी।**
सूर्या रोशनी, जो लाइटिंग, फैन, होम एप्लायंसेज़, स्टील और पीवीसी पाइप्स के क्षेत्र में देश के सबसे विश्वसनीय और सम्मानित ब्रांड्स में से एक है, ने आज अपने नए वायर्स एंड केबल्स प्लांट का शुभारंभ किया। इस प्लांट का उद्घाटन श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, केंद्रीय संचार मंत्री एवं उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विकास मंत्री, तथा श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री, मध्य प्रदेश सरकार, द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा एवं हवन से हुई, जिसके बाद रिबन काटकर प्लांट का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने नए प्लांट का दौरा किया और उसकी अत्याधुनिक तकनीक का अवलोकन किया। सूर्या रोशनी का यह नया प्लांट कंपनी की दीर्घकालिक विकास दृष्टि का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है और उच्च गुणवत्ता वाले औद्योगिक एवं उपभोक्ता उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करना चाहती है। यह यूनिट अत्याधुनिक तकनीक और पूरी तरह ऑटोमैटिक मशीनरी के साज-सामान से युक्त है, जिससे देश और विदेश दोनों के गुणवत्ता मानकों के अनुरूप वायर्स और केबल्स का निर्माण किया जाएगा। देश के केंद्र में स्थित मालनपुर प्लांट कंपनी के लिए एक रणनीतिक स्थान है, जिससे पूरे भारत के प्रमुख बाजारों को आसानी से सेवा दी जा सकेगी। यह न केवल उत्पादन क्षमता को बढ़ाएगा बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और यह 'मेक इन इंडिया' पहल को भी मजबूत करेगा। जे. पी. अग्रवाल, चेयरमैन, सूर्या रोशनी लिमिटेड ने कहा, मालनपुर वायर्स एंड केबल्स प्लांट हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हमारे गुणवत्ता और क्षेत्रीय विकास के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह नया प्लांट भारत की विद्युत संरचना को मजबूत बनाने में सहायक उच्च गुणवत्ता वाले वायर्स और केबल्स तैयार करेगा और स्थानीय स्तर पर नए अवसर उत्पन्न करेगा। राजू बिष्टा, प्रबंध निदेशक, सूर्या रोशनी लिमिटेड ने कहा, यह उद्घाटन सूर्या की यात्रा में एक अहम पड़ाव है। पिछले पाँच दशकों में हमने भारत की विद्युत संरचना और घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विविध क्षेत्रों में विस्तार किया है। अब वायर्स एंड केबल्स क्षेत्र में प्रवेश कर हम देश को विश्वसनीय, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले विद्युत समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कौस्तुभ कर्माकर, निदेशक, सूर्या रोशनी लिमिटेड ने कहा, मालनपुर वायर्स एंड केबल्स प्लांट एक अत्याधुनिक, पूर्णतः एकीकृत सुविधा है जो उच्च गुणवत्ता वाले तैयार उत्पादों का निर्माण करेगी। यह प्लांट क्षेत्र में रोजगार सृजन के साथ-साथ व्यापारिक विकास को भी गति देगा। वासुमित्र पांडे, सीईओ ङ्क लाइटिंग एवं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, सूर्या रोशनी लिमिटेड ने कहा, मालनपुर वायर्स एंड केबल्स प्लांट हमारे निर्माण

## कोटक बिज़लैब्स ने भारत में 75 से अधिक साहसी स्टार्टअप्स को सशक्त बनाने के लिए सीज़न 2 शुरू किया

**मुंबई, एजेंसी।** आज कोटक महिंद्रा बैंक ने अपने कोटक बिज़लैब्स एक्सेलरेटर प्रोग्राम का दूसरा सीज़न शुरू किया। यह प्रोग्राम इसके मुख्य सीएसआर अभियान के तहत चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अरली स्टेज के स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, बाजार की पहुँच और पूंजी उपलब्ध कराना है। सीज़न 2, अक्टूबर 2025 से नवंबर 2026 तक चलेगा। इसमें भारत के 75 से अधिक स्टार्टअप्स को सहयोग प्रदान किया जाएगा, जो डीप-टेक, सस्टेनेबिलिटी, क्लीन एनर्जी, फिनटेक, डिजिटल टेक्नोलॉजी, एडटेक, एग्रीटेक और हैल्थटेक पर केंद्रित होगा। इस प्रोग्राम का विस्तार उत्तर भारत, दक्षिण भारत, पश्चिमी भारत और मध्य भारत में हो रहा है। आईआईटी दिल्ली का फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी) इसका नया इनक्यूबेशन पार्टनर है। अन्य इनक्यूबेशन पार्टनर आईआईएमए वेंचर्स, एनएसआरसीईएल - आईआईएम बैंगलोर और टी-हब हैं। वेंचर्स के चयन और एक्सेलरेशन सपोर्ट का काम इनक्यूबेटर्स द्वारा संभाला जाएगा। कोटक महिंद्रा बैंक के हेड-सीएसआर एवं ईएसजी, हिमांशु निवरसरकर ने कहा, ''कोटक ने सदैव से भारत में उद्यमिता की भावना को अपना सहयोग देने में यकीन किया है। हम केवल मेट्रो शहरों में नहीं, बल्कि टियर 2 और टियर 3 शहरों के उद्यमों को भी सहयोग देते हैं, जहाँ इनोवेशन का विकास हो रहा है। कोटक बिज़लैब्स एक्सेलरेटर प्रोग्राम के सीज़न 2 के साथ हम उन उद्यमियों को मदद देने की अपनी

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का किया समर्थन

**मुंबई, एजेंसी।**
भारत की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के साथ मिलकर दो राष्ट्रीय अभियानों – प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान और विकसित कृषि संकल्प अभियान में सक्रिय भागीदारी की घोषणा की है। इन संयुक्त पहलों का उद्देश्य प्रमुख राज्यों – मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, असम, ओडिशा, तमिलनाडु और कर्नाटक – के किसानों को खरीफ मौसम के दौरान सशक्त और सहयोग प्रदान करना है। इसके ज़रिए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का लक्ष्य किसानों में फसल बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें आर्थिक रूप से मज़बूत बनाना और देशभर में टिकाऊ कृषि विकास को प्रोत्साहित करना है।

मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान, जो

SBI general INSURANCE
SURAKSHA AUR BHAROSA DONO

1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, का उद्देश्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़े हर किसान तक सीधे पहुंचना है। इस पहल के तहत किसानों को उनकी फसल बीमा पॉलिसी सीधे उनके घर पर सौंपी जाएगी, ताकि प्रक्रिया सरल और सुलभ बने। पॉलिसी वितरण के अलावा, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस फसल बीमा पाठशालाओं, महिला केंद्रित कार्यशालाओं जैसे व्यापक जागरूकता अभियान चलाएगा, जो किसानों को फसल बीमा योजनाओं के लाभों और कवरेज विवरणों के बारे में शिक्षित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से किसानों को दावे से संबंधित प्रक्रियाएं, आवश्यक दस्तावेज़ और समयसीमा के बारे में मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे वे किसी कठिन परिस्थिति में आत्मविश्वास के साथ दावा कर सकें और अधिकतम सहायता प्राप्त कर सकें।

विकसित कृषि संकल्प अभियान, जो 3 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, भारतीय कृषि में परिवर्तन लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह अभियान किसानों में आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी बढ़ाने पर केंद्रित है, जो पारंपरिक तरीकों को आधुनिक नवाचारों से जोड़ती हैं। सटीक खेती, स्मार्ट सिंचाई और फसल प्रबंधन पर ध्यान देते हुए यह अभियान किसानों को टिकाऊ समाधानों से परिचित कराएगा, जिससे उनकी उत्पादकता और आय स्थिरता दोनों में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर श्री नवीन चंद्र झा, प्रबंध निदेशक और सीईओ, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने कहा- पिछले नौ वर्षों से एसबीआई जनरल को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का साझेदार होने का गौरव प्राप्त है। हमारा वचन केवल बीमा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि हर कदम पर किसानों को सुरक्षा और भरोसा प्रदान करना है। किसानों को जागरूकता, पहुँच और आत्मनिर्भरता से सशक्त बनाकर, हम उन्हें अनिश्चितताओं से आत्मविश्वासपूर्वक निपटने में मदद करते हैं। ज़मीनी स्तर पर सीधा संवाद और प्रमुख हितधारकों के साथ सहयोग के माध्यम से हम किसानों की आजीविका की रक्षा, उनकी कमजोरियों

# सैमसंग ने 'एआई फॉर ऑल विज़न के साथ इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 में भारत की एआई क्रांति का नेतृत्व किया

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
भारत का सबसे बड़ा कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 में अपने एआई फॉर ऑल विज़न के माध्यम से लोगों के जीने, जुड़ने और नवाचार करने के तरीके को फिर से परिभाषित कर रहा है। इनोवेट टु ट्रांसफॉर्म थीम के साथ तालमेल बिठाते हुए, आईएमसी में सैमसंग का प्रदर्शन एआई-पावर्ड लिविंग और स्थायी कनेक्टिविटी के भविष्य को साकार करता है। सैमसंग के बूथ को उपभोक्ताओं और सभी प्रतिष्ठित दिग्गजों से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिनमें श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री, श्री पेम्मासानी चंद्रशेखर,




संचार राज्य मंत्री और श्रीमती रेखा गुप्ता, दिल्ली की मुख्यमंत्री शामिल थीं। इसके अलावा, दूरसंचार विभाग के सचिव डॉ. नीरज मित्तल और उत्तर प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी कैबिनेट मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा ने प्रदर्शित किए गए अत्याधुनिक समाधानों का अनुभव लिया। गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत जेबी पार्क, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने किया, जिन्होंने सैमसंग के नए एआई-पावर्ड इनोवेशंस का प्रदर्शन किया। जेबी पार्क, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया ने कहा, इंडिया मोबाइल कांग्रेस नवाचार और जीवन को बदलने की तकनीक की शक्ति का उत्सव है। सैमसंग में, हम इस भावना को गहराई से साझा करते हैं। हमारा 'एआई फॉर ऑल' विज़न हमारे विश्वास को दर्शाता है कि एआई को पूरे भारत में हर व्यक्ति, व्यवसाय और समुदाय को सशक्त बनाना चाहिए। आईएमसी 2025 में अपने एआई के नेतृत्व वाले नवाचारों का प्रदर्शन करते हुए, हम भारत के साथ भविष्य के सह-निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं – एक ऐसा भविष्य जहाँ तकनीक समावेशन को बढ़ावा देती है, नए अवसर खोलती है, और लोगों को बेहतर, अधिक स्मार्ट जीवन जीने में मदद करती है। बुद्धिमत्ता को सहजता से जोड़कर भविष्य को आकार देना जारी रखा है। सैमसंग एआई होम स्मार्टफोन और टीवी से लेकर वियरेबल्स और अप्लायंसेस तक – विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है। इस इकोसिस्टम के केंद्र में, स्मार्टथिंग्स ऐप सैमसंग उत्पादों को हजारों भागीदार उपकरणों से जोड़ता है, ऐसे घर बनाता है जो न केवल यूजर्स के लिए काम करते हैं बल्कि उनके साथ मिलकर भी काम करते हैं।

## पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाणपत्र अभियान अगले महीने से होगा शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्र सरकार 1 से 30 नवंबर तक पेंशनभोगियों के लिए देशव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान चलाएगी। इसमें देशभर के 2,000 जिलों और उपमंडल मुख्यालयों को शामिल किया जाएगा। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) का यह चौथा अभियान होगा। पेंशनभोगियों को पेंशन जारी रखने के लिए हर साल नवंबर महीने में जीवन प्रमाणपत्र जमा करना होता है।

यह अभियान 19 पेंशन वितरण बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी), पेंशनभोगी कल्याण संघों (पीडब्ल्यूए), रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए), दूरसंचार विभाग (डीओटी), रेलवे, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के सहयोग से चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य देश के दूरदराज के हिस्सों में प्रत्येक पेंशनभोगी तक पहुंच सुनिश्चित करना है। कार्मिक मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस वर्ष भी इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक अपने 1.8 लाख डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) के विशाल नेटवर्क के जरिये सभी जिलों में डीएलसी शिविरों का आयोजन करेगा। इससे सभी श्रेणी के पेंशनभोगियों को उनके बैंक की परवाह किए बिना उनके घर तक डीएलसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



# दुश्मनों का सामना करते नजर आए अगस्त्य

**मुंबई।** मंगलवार को अरुण खेत्रपाल की जयंती पर फिल्म निर्माताओं ने परमवीर चक्र विजेता अधिकारी अरुण खेत्रपाल की कहानी से प्रेरित फिल्म 'इक्कीस' के एक्टर की झलक दिखाकर फैंस को खुश कर दिया है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'इक्कीस' में अगस्त्य नंदा का लुक सामने आया है। एक पोस्टर में अगस्त्य नंदा हाथ में बंदूक लिए युद्ध में दुश्मनों का सामना करते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, 'अरुण खेत्रपाल की जयंती पर, 'इक्कीस' की शूटिंग पूरी हो गई है, एक ऐसी कहानी जो हमेशा हमारे दिलों में रहेगी।

लाइफ Style



# श्रीलीला

## एजेंट मिर्ची के रोल में पोस्टर हुआ रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रीलीला जल्द ही एक फिल्म में एजेंट मिर्ची के किरदार में नजर आएंगी। श्रीलीला की इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। फिल्म से श्रीलीला के लुक को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

श्रीलीला ने मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म से 'एजेंट मिर्ची' के रूप में अपना पहला लुक जारी किया है। फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन नए पोस्टर से लगता है कि यह एक्शन से भरी मजेदार फिल्म होगी। श्रीलीला ने इंस्टाग्राम पर अपना धांसू लुक शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'रेडी, स्टेडी, फायर... मिर्ची लगाने वाली है। 19 अक्टूबर #आग लगा दे।' श्रीलीला की पोस्ट कुछ ही मिनटों में वायरल हो गई। फैंस ने उनकी तारीफ की। एक फैन ने कहा, 'सिंड्रेला अब लेडी जेम्स बॉन्ड बन गई', एक और फैन ने लिखा, 'लीला ऑन फायर एक्शन'। श्रीलीला के लुक से पहले इसी फिल्म से बॉबी देओल का एक पोस्टर जारी किया गया था। बॉबी मोटे काले चश्मे और लंबे बालों में नए अंदाज में दिखे। वे बैंगनी शर्ट और कोट पहने नजर आए। पोस्टर में हेलीकॉप्टर दिखाया गाय, बाकी के पोस्टर में लाल और आग जैसी थीम दिखाई दी। यह श्रीलीला के पोस्टर से मेल खाती है। श्रीलीला के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। अगली फिल्म 'मास जथारा' रवि तेजा के साथ है, जो 31 अक्टूबर को रिलीज होगी। पवन कल्याण के साथ 'उस्ताद भगत सिंह' पुलिस एक्शन ड्रामा है।

हॉलीवुड मसाला



# एफ1 : द मूवी ओटीटी पर होगी रिलीज

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट की धमाकेदार सुपरहिट फिल्म 'एफ1 : द मूवी' ने बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में धूम मचाई। अकेले भारत में इस फिल्म ने 105.34 करोड़ का नेट कलेक्शन किया।अब, हम एप्पल टीवी की बेजोड़ ग्लोबल रीच के जरिए से इस रोमांचक, सिनेमाई सफर को दुनियाभर के प्रशंसकों तक डिजिटल स्ट्रीम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' यह फिल्म एप्पल टीवी पर 12 दिसंबर को रिलीज होगी।



# नए कॉमेडी शो के साथ वापस आ रहे

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन अपनी जबरदस्त कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। वह उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं, जो बिना कुछ कहे ही अपने अभिनय से लोगों को हंसा सकते हैं। उन्हें उनके चर्चित किरदार मिस्टर बीम के लिए भी जाना जाता है। वह जल्द ही एक नए शो के साथ आ रहे हैं। मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन नेटफ्लिक्स पर जल्द ही अपने कॉमेडी शो 'मैन वर्सेस बेबी' के साथ वापस आ रहे हैं। यह सीरीज इस साल 11 दिसंबर को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के चार एपिसोड होंगे। नेटफ्लिक्स ने एक्स पर इस सीरीज का ऐलान करते हुए कई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रोवन एटकिंसन एक बच्चे के साथ नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में वह दो बच्चों के साथ हैं और दोनों को दूध पिला रहे हैं।



# अपने संघर्ष की तुलना शाहरुख से की

**मुंबई।** कंगना रनौत बेबाकी से अपनी बातों को रखने के लिए बॉलीवुड में जानी जाती हैं। इस वजह से कई बार वह कंट्रोवर्सी का शिकार भी हुईं। पिछले दिनों एक्ट्रेस ने एक इवेंट में शाहरुख खान और अपने स्ट्रगल की तुलना की। अपने स्ट्रगल को वह ज्यादा मुश्किल बताती हैं। पिछले हफ्ते नई दिल्ली में हुए एक इवेंट में कंगना रनौत ने अपने करियर को लेकर बातचीत की। वह कहती हैं, 'मुझे इतनी सक्सेस क्यों मिली? शायद ही कोई और होगा जो गांव से आकर मेनस्ट्रीम में इतनी सक्सेस हासिल कर पाया हो। आप शाहरुख खान की बात करें, वे दिल्ली से हैं, कॉन्वेंट में पढ़े हैं। लेकिन मैं एक ऐसे गांव (भांबला) से हूं, जिसके बारे में किसी ने सुना भी नहीं होगा।' कंगना रनौत का जन्म 23 मार्च 1986 को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के एक छोटे से कस्बे भांबला में हुआ। मां एक स्कूल टीचर थीं।



# 'संक्रांतिकी' के हिंदी रीमेक में आएंगे नजर

**मुंबई।** तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुनम' अब हिंदी में बनने जा रही है। इस फिल्म ने साउथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और अक्षय कुमार इसे नए अंदाज में बड़े पर्दे पर लेकर आने वाले हैं। वेंकटेश की इस जबरदस्त एक्शन-कॉमेडी फिल्म का हिंदी रीमेक बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस फिल्म को निर्देशित किया था अनिल रविपुडी ने और यह साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म साबित हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने दुनिया भर में 250 से 300 करोड़ रुपए की कमाई की थी। रिपोर्ट की मानें तो अक्षय कुमार ने इस रीमेक के लिए अपनी हामी भर दी है। अक्षय को तेलुगु फिल्म का कॉन्सेप्ट और स्क्रीनप्ले इतना पसंद आया कि उन्होंने तुरंत इसके हिंदी रीमेक का फैसला कर लिया।

टीवी मसाला



# केबीसी में ऋषभ ने बिग बी को गिफ्ट की लुंगी

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का नया एपिसोड फैंस के लिए यादगार पल लेकर आने वाला है। इस बार हॉट सीट पर पहुंचे हैं कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार एक्टर-डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी, जो इन दिनों अपनी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। मेकर्स ने एक प्रोमो जारी किया है जिसमें ऋषभबिग बी से एक खास रिक्वेस्ट करते नजर आ रहे हैं। प्रोमो वीडियो में ऋषभ शेट्टी ने मुस्कुराते हुए बिग बी से कहा, 'सर, आपका 'अग्निपथ' वाला डायलॉग सुनने का बहुत मन है।' अमिताभ बच्चन ने भी अपने ही अंदाज में उनकी यह रिक्वेस्ट पूरी की। उन्होंने अपनी फिल्म के किरदार विजय दीनानाथ चौहान के जैसे ही कहा- 'ऋषभ शेट्टी सर, ग्यारहवां प्रश्न आपके स्क्रीन पर डालते हैं। सात लाख पचास हजार रुपए में से पचास हजार आपके, सात लाख हमारे!' यह सुनते ही सेट पर मौजूद हर कोई तालियां बजाने लगा। इसके अलावा मेकर्स ने एक और प्रोमो जारी किया है जिसमें बिग बी ऋषभ शेट्टी को मंच पर आमंत्रित करते हैं। इस दौरान ऋषभ लुगी पहने हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने अमिताभ को भी लुंगी गिफ्ट की है। ऋषभ द्वारा इस गिफ्ट को स्वीकार करने के बाद बिग बी ने कहा कि वो जरूर इस तोहफे को पहनेंगे। इसके बाद अमिताभ का मजाकिया अंदाज भी नजर आया। उन्होंने कहा- 'अगर ये थोड़ा भी इधर से उधर हो गया तो मामला इंटरनेशनल हो जाता है।'

## जीशान ने अमाल को कहा धोखेबाज

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 से पिछले हफ्ते एविक्ट हो गए जीशान कादरी अब घर में बिताए वक्त, और बाकी खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं।



जीशान कादरी की बिग बॉस हाउस में तान्या, नीलम, अमाल, शहबाज और मालती से अच्छी दोस्ती हो गई थी। घर में ज्यादातर वक्त रणनीति बनाते, या दूसरों को शांत करते नजर आते जीशान ने बाहर आने पर तान्या और अमाल के बारे में अपनी राय खुलकर जाहिर की है। जीशान कादरी ने कहा कि वह अमाल मलिक को असल में अपना सच्चा दोस्त नहीं मानते हैं, क्योंकि उन्होंने कई बार उन्हें धोखा दिया है। जीशान कादरी ने कहा, 'अमाल ने कई बार मुझे धोखा दिया है। मैंने बाहर निकल कर कई क्लिप देखीं जहां वो नेहल को बोल रहा है कि हम अलग ग्रुप बनाएंगे, और कह रहा है 'जीशान जी का हो गया।' तो मुंह पर बोलता ना, इतनी आजादी तो दी थी मैंने उसे। उसने मुंह पर बोला? इसे ही धोखा कहते हैं, यह तकलीफ देता है।' जीशान ने कहा कि वह अमाल को छोटे भाई की तरह देख रहे थे, इसलिए जो कुछ खोया वो उन्होंने (अमाल ने) खोया है, मैंने कुछ नहीं खोया।

# बहुत एक्टिव रहने वाला काम है एक्टिंग : काजोल



**मुंबई।** काजोल ने अपने टॉक शो 'टू मच' में पिछले दिनों कहा था कि एक्टर्स 9 से 5 की नौकरी करने वालों से ज्यादा मेहनत करते हैं। यह बात सोशल मीडिया यूजर्स को रास नहीं आई, काजोल को इस बात के लिए ट्रोल किया गया। काजोल ने फिर इस बात को लेकर बयान दिया है, साथ ही अपनी पुरानी बातों को सही साबित करने के लिए कुछ बातों का जिक्र किया है। एक इंटरव्यू में काजोल कहती हैं, 'एक्टिंग बहुत एक्टिव रहने वाला काम है। जब हम शूटिंग पर होते हैं तो पूरा ध्यान उसी काम पर होता है। मैंने 35 से 40 दिनों तक सीरीज 'द ट्रायल 2' के लिए लगातार शूटिंग की। इस दौरान एक्सरसाइज पर, डाइट पर ध्यान दिया। हमारे लुक में जरा सा चेंज भी पूरे प्रोसेस को खराब कर सकता है। इस वजह से हम पर बहुत दबाव होता है।' काजोल आगे कहती हैं, 'जब आप 9 से 5 की नौकरी करते हैं, तो टी ब्रेक ले सकते हैं, थोड़ा आराम कर सकते हैं। हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। हम कैसे बैठते हैं? कैसे मुस्कुराते हैं? इन बातों पर भी नजर रखी जाती है। हम एक केतली की तरह हैं, जो हमेशा उबलती रहती है। हमें हमेशा अलर्ट रहना होता है, हम अक्सर टेंशन में रहते हैं और हम ऐसे ही जीते हैं।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह 'महारागिनी' में नजर आएंगी।

# रश्मिका ने फिर फ्लॉन्ट की सगाई की अंगूठी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है। लेकिन, सगाई की तस्वीरें, फंक्शन बिल्कुल प्राइवेट रखे गए। विजय की टीम ने जरूर जानकारी दी कि शादी फरवरी में होगी। हाल ही में एयरपोर्ट पर रश्मिका मंदाना नजर आईं। जहां वह अपनी सगाई की अंगूठी को फ्लॉन्ट करती दिखीं। फैंस ने रश्मिका की वायरल वीडियो, लुक पर रिएक्शन भी दिए हैं।

रश्मिका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रही हैं। एयरपोर्ट पर वह सिंपल सूट-सलवार में दिखाई दीं, उनके बाल भी गीले नजर आए। जब पैपराजी ने फोटो के लिए कहा तो वह देरी का इशारा करती दिखीं। इस दौरान उनके हाथ में सगाई की अंगूठी नजर आई। पिछले दिनों भी एक इंस्टाग्राम पेज पर रश्मिका ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी



सगाई की अंगूठी नजर आ रही थीं। लेकिन, अब तक अपनी सगाई को लेकर रश्मिका ने कोई बयान नहीं दिया है। जल्द ही रश्मिका की बॉलीवुड फिल्म 'थामा' रिलीज होगी। इसमें आयुष्मान खुराना है। इस फिल्म का ट्रेलर और रश्मिका का लुक पिछले दिनों काफी चर्चा में रहा। इसके अलावा वह एक साउथ इंडियन फिलम 'गर्लफ्रेंड' में भी नजर आने वाली हैं।

## हॉरर से लेकर थ्रिलर तक, कॉमेडी से लेकर रोमांस तक

# इस हफ्ते ओटीटी पर होगी एंटरटेनमेंट की बरसात

*नई दिल्ली। त्योहारों के मौसम की शुरुआत हो चुकी है और इसके साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की भरपूर सौगात लेकर कई नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। इस हफ्ते दर्शकों के लिए हर जोनर की कहानियां पेश होंगी- हॉरर, थ्रिलर, ड्रामा और एक्शन से भरी। 'फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स' से लेकर 'भगवत चैप्टर वन: राक्षस' तक, इस हफ्ते का ओटीटी प्लेटर बेहद खास है।*

**हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन :** ड्रैगन की जादुई दुनिया को नए रूप में दिखाने वाली यह लाइव-एक्शन फिल्म उसी नाम की मशहूर एनिमेटेड मूवी का रीमेक है। शानदार विजुअल्स और भावनाओं से भरी यह कहानी एक बार फिर बच्चों और बड़ों सभी को पसंद आएगी। यह फिल्म 13 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज गई है।

**द नेबरहुड सीजन-8 :** मशहूर कॉमेडी शो 'द नेबरहुड' अब अपने आठवें और आखिरी सीजन के साथ दर्शकों से विदा ले रहा है। इस शो में पड़ोसियों के बीच के मजेदार रिश्तों और छोटे-छोटे सामाजिक मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। नया सीजन 14 अक्टूबर जियोहॉटस्टार पर प्रसारित हुआ।



**फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स :** हॉरर फिल्मों के प्रशंसकों के लिए यह हफ्ता खास है। फाइनल डेस्टिनेशन सीरीज की छठी कड़ी 'ब्लडलाइन्स' 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में मौत से भागते किरदारों की कहानी पहले से भी ज्यादा डर और रहस्य से भरी है। इसे जैक लिपोव्स्की और एडम स्टीन ने निर्देशित किया है और फिल्म जियोहॉटस्टार पर देखी जा सकेगी।



**द डिप्लोमैट सीजन-3 :** राजनीतिक साजिशों और कूटनीति की दुनिया पर आधारित यह लोकप्रिय वेब सीरीज फिर लौट रही है। इसमें एक अमेरिकी राजनयिक की कहानी दिखाई गई है जिसे ब्रिटेन में नियुक्त किया जाता है और वहां वह अंतरराष्ट्रीय संकटों में उलझ जाती है। सीरीज का तीसरा सीजन 16 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

**भगवत चैप्टर वन: राक्षस :** भारतीय दर्शकों के लिए इस हफ्ते की सबसे बड़ी ओटीटी रिलीज मानी जा रही है- भगवत चैप्टर वन: राक्षस। यह एक अपराध-थ्रिलर फिल्म है जिसमें अरशद वारसी इंस्पेक्टर विश्वास भगवत की भूमिका में हैं, जबकि जितेंद्र कुमार प्रोफेसर समीर बने हैं। फिल्म का निर्देशन अक्षय शेर ने किया है। यह कहानी एक बड़े वेश्यावृत्ति रैकेट और उससे जुड़े रहस्यों पर आधारित है। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज होगी।

**किष्किंधापुरी :** तेलुगु भाषा की यह हॉरर-थ्रिलर फिल्म दर्शकों को रहस्य और डर की नई दुनिया में ले जाएगी। कौशिक पेगल्लापाटी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बेल्लमकोंडा साई श्रीनिवास और अनुपमा परमेस्वरन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई नो व्हाट यू डिड लास्ट समर :** 1998 की सुपरहिट स्लेशर फ्रैंचाइजी की अगली कड़ी अब नए रूप में लौट रही है। इसमें पुरानी घटनाओं के राज और खून-खराबे से भरी कहानी दर्शकों को एक बार फिर सिहरने पर मजबूर करेगी। यह फिल्म 18 अक्टूबर को रिलीज होगी।



भारत-वेस्टइंडीज टेस्ट

# भारत ने तोड़ा अपना ही टेस्ट रिकॉर्ड

● *लगातार इतने टेस्ट मैचों में जीत दर्ज की*

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने आईसीसीवर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए वेस्ट इंडीज को 7 विकेट से हराया और 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। अरुण जेटली स्टेडियम में भारत ने मंगलवार को सिर्फ 35.2 ओवर में 121 रनों का लक्ष्य पूरा किया। ओपनर केएल राहुल ने नाबाद 58 रन बनाए, जबकि ध्रुव जुरेल ने 6 रन की पारी खेली। राहुल ने अपने शॉट्स में 6 चौके और 2 छक्के शामिल किए और साई सुधर्शन के साथ 79 रनों की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। कप्तान शुभमन गिल ने 13 रन बनाये। इस जीत के साथ भारत ने अरुण जेटली स्टेडियम में अपनी अजेय स्ट्रीक को 14 मैचों तक बढ़ा दिया, जो मार्च 1993 से चली आ रही है। यह किसी भारतीय स्टेडियम में भारत की सबसे लंबी अजेय स्ट्रीक है और मोहाली व ब्रेबोर्न स्टेडियम के रिकॉर्ड (13-13) से भी बेहतर है। भारत ने दोनों टेस्ट मैचों में वेस्ट इंडीज के सभी 40 विकेट अपने नाम किए। तेज गेंदबाजों ने धीमी और कम मददगार पिच पर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि स्पिनरों ने धैर्य दिखाते हुए विरोधी टीम को रोका। दोनों मैचों में भारतीय बल्लेबाजों ने पांच शतक और एक नज़दीकी 90 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ भारत ने दक्षिण अफ्रीका के साथ सबसे ज्यादा लगातार टेस्ट सीरीज जीतने के रिकॉर्ड में बराबरी कर ली और डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में भी महत्वपूर्ण 12 अंक जोड़ लिए।

# रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य पर गौतम गंभीर ने दिया हिंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रवाना होगी। 19 अक्टूबर से तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज का सभी फैंस को बेसब्री से इंतजार है क्योंकि रोहित शर्मा और विराट कोहली की मैदान पर वापसी होने वाली है। इतना ही नहीं शुभमन गिल पहली बार भारतीय वनडे टीम की कमान संभालेंगे।

इस सीरीज से पहले भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने वर्ल्ड कप 2027 को लेकर और रोहित-विराट के भविष्य पर भी हिंट दिया है। भारतीय हेड कोच ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद टीम इंडिया के आगे की रणनीतियों पर खुलकर बात की है। जहां उन्होंने हर्षित राणा को ट्रोल करने वालों को फटकार लगाई है, वहीं उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली को एक बेहतरीन खिलाड़ी बताया। साथ ही वनडे वर्ल्ड कप 2027 को लेकर बड़ा हिंट भी दिया है। उनका मानना है कि अभी भारत को वर्तमान पर ध्यान देना होगा, क्योंकि वनडे वर्ल्ड कप 2027 में अभी वक्त बाकी है।









**गौतम गंभीर का पूरा बयान-** गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,50 ओवर का वर्ल्ड कप अभी दूर है। रोहित और कोहली दोनों बेहतरीन खिलाड़ी हैं, उम्मीद है कि दोनों अच्छा करेंगे। फिलहाल अभी वर्तमान पर ध्यान देना जरूरी है। वहीं किसी भी खिलाड़ी को बाहर करना बहुत ही भावनात्मक फैसला होता है। यानी गंभीर ने साफतौर पर रोहित और विराट को हिंट दे दिया है कि अगर आप परफॉर्म करेंगे तो ही आपको आगे फ्यूचर के प्लान में रखा जाएगा। ये साफ है कि अगर रोहित शर्मा और विराट कोहली अच्छा फॉर्म अगले एक डेढ़ साल बरकरार रखते हैं तो ही उन्हें वनडे वर्ल्ड कप 2027 में खेलने का मौका मिलेगा।

**रो-को की वापसी पर सबकी नजर-** रोहित शर्मा और विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के बाद अब भारतीय जर्सी में नजर आएंगे। रोहित शर्मा ने अपने मिशन वर्ल्ड कप 2027 की शुरुआत कर दी है और वह मुंबई में ट्रेनिंग भी अभिषेक नायर की देखरेख में कर रहे हैं। वहीं विराट कोहली भी भारत आ गए हैं। दोनों खिलाड़ी अब सिर्फ एक फॉर्मेट में ही खेलेंगे।

## रोहित-विराट से बस इतना चाहता हूं शुभमन गिल का बड़ा बयान, ऑस्ट्रेलिया के लिए जताए...



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज से टेस्ट सीरीज खत्म होते ही टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल की निगाहें अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जम गई है. ऑस्ट्रेलिया दौरे की टीम में चुने किस खिलाड़ी से गिल को क्या चाहिए, इस बारे में भी उन्होंने अपने इरादे जताने शुरू कर दिए हैं. वेस्टइंडीज के खिलाफ पोस्ट मैच प्रजेन्टेशन में शुभमन गिल से विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर सवाल हुआ, जिसके जवाब में उन्होंने बताया कि बतौर कप्तान उन दोनों सीनियर खिलाड़ियों से उन्हें क्या चाहिए? गिल का ये जवाब एक तरह से रोहित और विराट के लिए टीम के कप्तान की तरफ से क्लियर मैसेज की तरह भी है.

**गिल ने रोहित-विराट से की कौन सी डिमांड?-** अब सवाल है कि शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित-विराट से किस चीज की डिमांड की? उन्होंने पहले तो कहा कि हर कप्तान अपनी टीम में रोहित-विराट जैसा खिलाड़ी चाहता है, जिसके पास 10-15 सालों का अनुभव हो.

# अमन सहरावत ने गलती स्वीकारी

● डब्ल्यूएफआई से प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने का अनुरोध, बताया वजन कम न कर पाने का कारण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत ने सोमवार (13 अक्टूबर) को भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा उन पर लगाए गए एक साल के प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। सहरावत को जगरेब में विश्व चैंपियनशिप में मुकाबले से पहले वजन कम करने में विफल रहने पर प्रतिबंध लगाया है। शुरुआती मुकाबले से पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से 1.7 किलोग्राम अधिक था। भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में सहरावत ने स्वीकार किया कि उन्होंने पिछले महीने वजन कम न कर पाने की गलती की थी। इस पहलवान ने कहा कि वह डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह से मुलाकात करेंगे और उनसे महासंघ के फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करेंगे।

**मेरी पहली गलती है, मैं इसे दोहराऊंगा नहीं-** सहरावत ने 2024 पेरिस खेलों में 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने के लिए 50 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद कहा, ''मैं उनसे (डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष) मुलाकात कर यह अनुरोध करूंगा। यह मेरी पहली गलती है, मैं इसे दोहराऊंगा नहीं।''

**सहरावत को कारण बताओ नोटिस-** डब्ल्यूएफआई ने 23 सितंबर को सहरावत से चूक के लिए स्पष्टीकरण मांगते हुए कारण बताओ नोटिस दिया था। महासंघ ने कहा था कि 29 सितंबर को जमा किए गए उनके जवाब को अनुशासनात्मक समिति ने 'असंतोषजनक' पाया। सहरावत ने कहा कि स्पर्धा से एक दिन पहले अचानक पेट दर्द शुरू होने के कारण वह और वजन कम करने का प्रयास जारी नहीं रख पाए।

### अचानक मेरे पेट में दर्द होने लगा

अमन सहरावत ने कहा, ''मैंने स्पर्धा एक सप्ताह पहले वजन कम करना शुरू कर दिया था। जब एक दिन बचा था, तब मेरा 600-700 ग्राम (अधिक) वजन रह गया था। यह जिम में आखिरी सेशन था। मेरे पास (कम करने के लिए) 600 ग्राम बचा था।'' उन्होंने कहा, ''मैं अभ्यास कर रहा था लेकिन अचानक मेरे पेट में दर्द होने लगा। मैं सीधे अपने कमरे में चला गया। मैंने सुबह चार बजे उठने की योजना बनाई थी लेकिन पेट का दर्द रात में फिर से बढ़ गया और कुछ दवा लेने के बाद भी यह ठीक नहीं हुआ।''

# डिकॉक से पहले इन क्रिकेटरों ने भी संन्यास से लिया यू-टर्न

● *रिटायरमेंट से वापस आकर दोबारा खेला इंटरनेशनल क्रिकेट*

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने वनडे और टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट वापस ले लिया है. डिकॉक ने 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में आखिरी वनडे मैच खेला था, उसके बाद संन्यास ले लिया था. वहीं उन्होंने अपना आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच 2024 के टी20 वर्ल्ड कप में खेला और वनडे के तरह टी20 इंटरनेशनल से भी रिटायरमेंट ले लिया था. डिकॉक एक बार फिर से साउथ अफ्रीका के लिए वाइट बॉल फॉर्मेट में खेलने लगे हैं. हालांकि, उन्होंने क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट से अभी भी संन्यास वापस नहीं लिया है. क्विंटन डिकॉक को दक्षिण अफ्रीका की टी20 इंटरनेशनल और वनडे में शामिल कर लिया गया है. डिकॉक ने अब तक 155 वनडे मैचों में 45.74 की औसत और 96.64 के स्ट्राइक रेट से 6770 रन बनाए हैं. डिकॉक को पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम में चुना गया है. वहीं वह टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए भी दक्षिण अफ्रीकी टीम में चयन कर लिया गया है. उन्होंने 92 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 2584 रन बनाए हैं.





रिटायरमेंट से वापस आकर दोबारा इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले स्टार खिलाड़ी

- **शहीद अफरीदी (पाकिस्तान)**- पाकिस्तान के विस्फोटक ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी संन्यास से वापसी के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं. उन्होंने कई बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा और फिर वापस खेलने आ गए. 2011 विश्व कप के बाद अफरीदी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया, लेकिन 2011 में ही वापस आ गए. इसके बाद उन्होंने 2016 में भी एक बार और वापसी की.
- **बेन स्टोक्स (इंग्लैंड)**- इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने 2022 में वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, ताकि वह टेस्ट क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान दे सकें, लेकिन उन्होंने 2023 के वनडे विश्व कप में रिटायरमेंट के अपने फैसले को वापस लेते हुए टीम में वापसी की.
- **मोहम्मद आमिर (पाकिस्तान)**- पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने दिसंबर 2020 में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ कुछ विवादों के कारण 28 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था. लेकिन तीन साल बाद, उन्होंने पाकिस्तान के लिए टी20 विश्व कप 2024 खेलने के लिए अपने संन्यास को वापस लिया और टीम में लौट आए. बता दें कि हमने यहां सिर्फ स्टार क्रिकेटरों का जिक्र किया है, वहीं संन्यास से यू-टर्न लेने वाले क्रिकेटरों की फेहरिस्त काफी लंबी है. इसमें अंबाती रायडू, तमीम इकबाल, ब्रेंडन टेलर, केविन पीटरसन और रॉस टेलर का नाम शामिल है.

भारत से भिड़ने से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका

# पहले वनडे से दो खिलाड़ी बाहर, 4 बाद विकेटकीपर की वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया को दोहरा झटका लगा है। विकेटकीपर जोश इंगलिस पिंडली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं। स्पिनर एडम जम्पा पारिवारिक कारणों से उपलब्ध नहीं होंगे। इंगलिस को पर्थ में ट्रेनिंग के दौरान पिंडली में खिंचाव आया था। वह पहले वनडे से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह जोश फिलिप को टीम में शामिल किया गया है। वह 2021 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद से उनका पहला वनडे मैच होगा। स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन को भी ऑस्ट्रेलिया को जम्पा की जगह टीम में शामिल किया गया है।





एलेक्स कैरी एशेज सीरीज की तैयारियों के सिलसिले में साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए शेफील्ड शील्ड मैच में क्वींसलैंड के खिलाफ खेलने के कारण भारत के खिलाफ पहले मैच से बाहर रहेंगे। दूसरे मैच से पहले उनके वनडे टीम से जुड़ने की उम्मीद है। जम्पा पिता बनने वाले हैं। उनकी पत्नी हैरियट दूसरे बच्चे को जन्म देने के करीब हैं।

**कुहनेमन 2022 के बाद पहला वनडे खेल सकते हैं-** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि इंगलिस 25 अक्टूबर को सिडनी में होने वाले तीसरे वनडे से पहले ठीक हो जाएंगे। जम्पा के एडिलेड वनडे के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद है। कुहनेमन 2022 के बाद से अपना पहला वनडे खेल सकते हैं, जबकि मैट शॉर्ट और कूपर कोनोली मेजबान टीम के लिए उपलब्ध अन्य स्पिन विकल्प हैं।

**तीनों फॉर्मेट खेलने वाले खिलाड़ियों को मैनेज करने की चुनौती-** ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं को एशेज से पहले तीनों प्रारूपों में खेलने वाले खिलाड़ियों को मैनेज करने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

रंजी ट्रॉफी:

# 2 पारियों में 0 पर आउट

## 20 महीने पुराना जख्म भरने उतरेंगे वैभव सूर्यवंशी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 15 अक्टूबर से रणजी ट्रॉफी शुरू है. इसके लिए सभी टीमें कमर कसकर तैयार है. बिहार ने भी अपनी टीम का ऐलान कर दिया है, जिसमें पिछले साल ही रणजी डेब्यू करने वाले 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को उप-कप्तानी की बड़ी जिम्मेदारी मिली है. वैभव सूर्यवंशी के कंधे पर उप-कप्तानी का दारोमदार तो होगा ही, उसके अलावा 20 महीने पुराने जख्म को भरने की भी बड़ी चुनौती होगी. अब सवाल है कि ये जख्म है क्या? तो इसका ताल्लुक पटना में उनके साथ घटी घटना से जुड़ा है. इसका ताल्लुक उस मैदान से है, जिस पर बिहार की टीम को इस सीजन अपना पहला रणजी मुकाबला खेलना है.

**15 अक्टूबर से बिहार के अभियान का आगाज-** बिहार की टीम अपने नए रणजी सीजन की शुरुआत अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ करेगी. दोनों के बीच ये मुकाबला 15 अक्टूबर से पटना के मोइनुल हक स्टेडियम पर खेला जाएगा. ये वही मैदान है, जिस पर पिछले साल जनवरी में वैभव सूर्यवंशी ने डेब्यू किया था. तब उनकी उम्र 13 साल से भी कम थी.



**मोइनुल हक स्टेडियम पर किया था रणजी डेब्यू-** वैभव सूर्यवंशी ने मुंबई के खिलाफ 5 से 8 जनवरी 2024 को खेले मुकाबले में बिहार के लिए अपना पहला रणजी मैच खेला था.

### मोइनुल हक स्टेडियम पर पुराना जख्म भरने उतरेंगे

अब सवाल है कि वो जख्म क्या था. जो उन्हें पटना के मोइनुल हक स्टेडियम पर 12 से 15 जनवरी 2024 के बीच खेले अपने रणजी करियर के दूसरे मुकाबले में मिला था. दरअसल, वो उस मैच की दोनों पारियों में जीरो पर आउट हो गए थे, जिसके बाद उन्हें टीम से ड्रॉप भी कर दिया गया था.

**वैभव सूर्यवंशी का मोइनुल हक स्टेडियम पर रिकॉर्ड-** पटना के मोइनुल हक स्टेडियम पर वैभव सूर्यवंशी ने अब तक 2 मैच की 4 पारियों में सिर्फ 31 रन बनाए हैं. साफ है कि परफॉर्मेन्स का ये ग्राफ भी उनके मिजाज से मेल खाता नहीं दिखा. 20 महीने बाद अब बिहार के उप-कप्तान बनकर खेलने उतरने वाले वैभव सूर्यवंशी को पटना के मोइनुल हक स्टेडियम पर उसी परफॉर्मेन्स ग्राफ को बदलना है.

